# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 22 जुलाई 2024







प्रीमियम अपोल्स्टरी के साथ बड़ा कैबिन


60+ ब्लूलिंक फीचर्स के साथ 20.32 cm (8") का HD इन्फोटेनमेंट*


6 एयरबैग्स स्टैंडर्ड (ड्राइवर, पैसेंजर, साइड और कर्टेन)


ड्यूअल कैमरा वाला डैशकैम


हिल-स्टार्ट असिस्ट कंट्रोल (HAC)


पैडल शिफ्टर्स



टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (TPMS) - हाईलाइन


रियर AC वेंट्स



क्रूज़ कंट्रोल



पुश बटन स्टार्ट/स्टॉप


वॉयस द्वारा इनेबल्ड स्मार्ट इलेक्ट्रिक सनरूफ



दमदार परफॉर्मेंस

MAHESHWARI

**40+ एडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स***

Scan to chat with us

my Hyundai app

Hyundai Cl!ck to Buy

3 YEAR Unlimited~ Kilometer Warranty

UPTO 7 YEARS Extended Warranty^

3 YEAR Road Side Assistance (RSA)*

HYUNDAI

UPTO 5 YEARS Shield of Trust Running Repair Package*

UPTO 5 YEARS Shield of Trust Super Maintenance Package*

Bluelink
3 Years free Bluelink subscription*

*Terms & Conditions apply. ** Ex-showroom price. Features & specifications shown may vary or not be part of standard fitment & are subject to change without prior notice. Some of the features, specifications or equipment illustrated or described herein may not be standard fitment and may be available at additional cost. Hyundai Motor India reserves the right to change specifications, colour, equipment and schemes at any time without prior notice. Segment is defined based on SUV dimensions of overall length between 3 800 - 3 900 mm. **Warranty upto 3 Years or unlimited km whichever occurs earlier. ^Upto 7 years extended warranty on chargeable basis for petrol variants and upto 5 years extended warranty on chargeable basis for CNG variants. Please note that the extended warranty mentioned for all variants is inclusive of the 3 years unlimited kilometer warranty. The CNG kit is warranted directly by CEV Engineering (P) Ltd. Functionality of Bluelink depends on adequate power supply and uninterrupted network connectivity to infotainment system. The Bluelink system is designed in such a way that it makes vehicle theft difficult subject to adequate power supply, uninterrupted network connectivity to informant system and all circuits and battery connection are untampered. Technical specifications have been rounded-off to the nearest value. Deployment of airbags depends upon number of factors explained in detail in owners manual, available on Hyundai website. The colour of the car shown herein may vary from the actual colour of the car due to the limitations of the printing process. The black shade on glasses is due to lighting effect. Visit your nearest Hyundai dealership for more details. Hyundai urges you to follow traffic rules these are meant to keep you safe on roads.

**For Information Contact: Toll Free: 1800114645, Raipur:** Shivnath Hyundai, GE Road, Tatibandh Mob. 9981991744, 9685045126, 9285008566, 8269831021. **Telibandha:** 9179040081. **Dhamtari:** 7970002903. **Mahasamund:** 7470777628. **Baloda Bazar:** 7470777629. **Gariyaband:** 7440411843. **Rajnandgaon:** 9755092026. **Raipur:** Shankara Hyundai, Nr. Pandri Thana, Mowa, Vidhan Sabha Road, Mob. 9111000510, 6262700000, 9111000589, 9111000502, 9111000509. **Saraipali:** 6262000501. **Bhatagaon:** Shankara Hyundai Opp. Wallfort City, Ring Road No.1, Raipur. Mob. 9111000504, 9111000512. **Raipur:** Mangalam Hyundai, Opp. Reliance Petrol Pump, Dhamtari Road, Devpuri, Mob. 8435001108, 8827596969, 9669801199, 9826908833, **Tilda:** Mob. 8435001220, **Kawardha:** Talpurkhar, Bilaspur Road Mob. 78801 33184. **Bemetara:** Beside Bajaj Showroom, Kobia, Raipur Road Mob. 8435001480. **Bhilai:** Shivnath Hyundai, Shivnath Commercial Complex, GE Road, Supela, Mob. 0788 6685555, 7049917535, 7049917534, **Durg:** 9981991789, **Rajnandgaon:** 9755092026. **Balod:** Shankara Hyundai Durg Road, Jhalmala Balod Mob. 6262000545. **Kawardha:** Mangalam Hyundai Talpurkhar, Bilaspur Road Mob. 7880118235. **Jagdalpur:** Shivnath Hyundai Semi Urban Industrial Area, Nayamunda Road, Mob. 9981991862, 9685045125, 7440414615. **Kanker:** 7470777559.

*14 जुलाई 2023 को लांच हुआ चंद्रयान-3 ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक उतारने वाला दुनिया का पहला देश बन गया था। एक बार फिर इस कार्यक्रम को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। चंद्रयान-3 को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष महासंघ द्वारा विश्व अंतरिक्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।*

# चंद्रयान-3 का दुनिया में जलवा, अब मिलेगा विश्व अंतरिक्ष पुरस्कार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के अलावा अब तक केवल अमेरिका, रूस और चीन ने ही चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की उपलब्धि हासिल की है। इस विश्व अंतरिक्ष पुरस्कार समारोह का आयोजन 14 अक्टूबर 2024 को इटली के मिलान में 75वें अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के दौरान किया जाएगा। बता दें कि चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त 2023 को सफल लैंडिंग की थी। इसके करीब एक साल बाद उसे यह उपलब्धि हासिल होने वाली है।

**विशाल क्षमता का प्रतीक :** महासंघ ने कहा, इसरो द्वारा चंद्रयान-3 मिशन वैज्ञानिक जिज्ञासा

## अंतरिक्ष में इतिहास रच गया भारत




और लागत प्रभावी इंजीनियरिंग के तालमेल का उदाहरण है। इस उपलब्धि के लिए भारत की प्रतिबद्धता और अंतरिक्ष अन्वेषण द्वारा मानवता को प्रदान की जाने वाली विशाल क्षमता का प्रतीक है। चंद्रमा की संरचना और भूविज्ञान के पहले से अनदेखे पहलुओं को तेजी से उजागर करते हुए यह मिशन नवाचार के लिए एक वैश्विक वसीयतनामा है।

**लैंडिंग की पहली वर्षगांठ :** चंद्रयान-3 की कई उपलब्धियों में से एक भारत के अंतरिक्ष और परमाणु क्षेत्रों का सफल समन्वय था। इसमें मिशन का प्रणादोन मॉड्यूल परमाणु प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित था। चंद्रयान-3 लैंडिंग की पहली वर्षगांठ को मनाने के लिए देश भर में कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।

## पहले भी मिल चुका है 'जैक' स्विगर्ट पुरस्कार

चंद्रयान 3 को विश्व अंतरिक्ष पुरस्कार से पहले भी एक और बड़े पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। चंद्रयान 3 मिशन टीम को अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए प्रतिष्ठित 2024 जॉन एल 'जैक' स्विगर्ट जूनियर पुरस्कार मिला है। कोलोराडो में वार्षिक अंतरिक्ष सेमिनार के दौरान इसरो की ओर से ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत डीसी मंजूनाथ ने यह पुरस्कार प्राप्त किया है। स्पेस फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीदर प्रिंगल ने




जनवरी में पुरस्कार की घोषणा करते हुए कहा था कि 'अंतरिक्ष में भारत का नेतृत्व दुनिया के लिए प्रेरणा है।' जॉन एल 'जैक' स्विगर्ट जूनियर पुरस्कार अमेरिका-आधारित स्पेस फाउंडेशन का एक शीर्ष पुरस्कार है। 2004 में अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए पुरस्कार जॉन एल "जैक" स्विगर्ट, जूनियर की स्मृति में स्पेस फाउंडेशन की ओर से स्थापित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### राहुल गांधी को मिलेगा लोक सेवक पुरस्कार

**नई दिल्ली।** रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को केरल के पूर्व



मुख्यमंत्री दिवंगत ओमन चांडी की याद में स्थापित 'ओमन चांडी लोक सेवक पुरस्कार' के लिए चुना गया है। 'ओमन चांडी फाउंडेशन' ने प्रथम 'ओमन चांडी लोक सेवक पुरस्कार' की घोषणा नेता की पहली पुण्यतिथि के तीन दिन बाद यानि कि रविवार (21 जुलाई) को की है।

### बांग्लादेश में अब 93% सरकारी नौकरियां मेरिट पर

**ढाका।** हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को सरकारी नौकरियों में कोटा सिस्टम बरकरार रखने के हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने आरक्षण की इस व्यवस्था को पूरी तरह से खत्म नहीं किया। अटॉर्नी जनरल एएम अमीनउद्दीन ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने कोटा सिस्टम को बरकरार रखने के हाई कोर्ट के आदेश को 'अवैध' माना है। उन्होंने कहा, 'शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में सरकारी नौकरियों में 93 फीसदी पद मेरिट के आधार पर भरने का आदेश दिया।

### अमेरिका में भारतीय युवक की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इंडियाना प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की उसकी पत्नी के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना उस समय हुई जब 29 साल के गैविन दसौर अपनी पत्नी के साथ घर जा रहे थे। दसौर की पत्नी मेक्सिको की हैं और हाल में उनका विवाह हुआ था। अधिकारियों को पिछले सप्ताह मंगलवार रात आठ बजे के बाद इंडी शहर के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में एक चौराहे पर एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की सूचना मिली।

## देशभर में बारिश का कहर, कई राज्यों में हालात बिगड़े

# गुजरात में बाढ़ के हालात, एनडीआरएफ की 10 टीमें तैनात, यूपी में 24 घंटे में 11 की मौत

*देशभर में भारी बारिश से हालात खराब हो गए हैं। उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटे में जहां 11 लोगों की मौत हो गई है, वहीं गुजरात में एनडीआरएफ की 10 टीमें तैनात करना पड़ा है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। उत्तरांचल, हिमाचल सहित पूर्वोत्तर असम में भी जमकर बारिश हो रही है।*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गुजरात के तमाम जिलों में भारी बारिश से आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त है, जबकि सौराष्ट्र क्षेत्र के कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है, क्योंकि शनिवार को भी क्षेत्र में भारी बारिश जारी रही, जिससे सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया और निचले इलाकों में पानी भर गया, जिसके बाद बचाव और राहत अभियान चलाया गया और एनडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया। वहीं राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार देवभूमि द्वारका जिले के द्वारका तालुका में शनिवार शाम 6 बजे तक 12 घंटों में 163 मिमी बारिश दर्ज की गई, इसके बाद जूनागढ़ शहर और तालुका (133 मिमी बारिश) और गिर सोमनाथ जिले के पाटन-वेरावल में 117 मिमी बारिश हुई है।

### मुंबई में जलभराव, उड़ानों का मार्ग परिवर्तित



मुंबई। मुंबई और उसके उपनगरों में रविवार को भारी बारिश हुई जिससे विमान परिचालन बाधित हुआ और शहर के कई हिस्सों में सड़कें जलमग्न हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन दो बार संक्षिप्त अवधि के लिए रोका गया। शाम चार बजे तक कम से कम 15 उड़ानों का नजदीकी हवाई अड्डों की ओर मार्ग परिवर्तित कर दिया गया।

### एनडीआरएफ की 10 टीमें तैनात

राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र के अधिकारियों ने कहा कि प्रभावित जिलों में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 10 टीमों को तैनात किया गया है और फंसे हुए लोगों को जलमग्न निचले इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए बचाव और राहत अभियान चलाया जा रहा है।

### उत्तर प्रदेश का हाल बेहाल

उत्तर प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में पिछले 24 घंटे में 11 लोगों की मौत हो गई। राहत विभाग के मुताबिक शुक्रवार शाम 6:30 बजे से शनिवार शाम 6:30 बजे तक पांच लोग डूब गए और 5 की मौत बिजली गिरने से हुई। जबकि एक की मौत सांप काटने से हो गई। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों में औसतन 7.3 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### इन राज्यों में भारी बारिश का एलर्ट

मौसम विभाग ने रविवार 22 जुलाई को विदर्भ, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मराठवाड़ा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भारी बारिश की आशंका जताई है। अगले चार दिनों के दौरान कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में भारी बारिश का अनुमान है।

### केदारनाथ पैदल मार्ग पर भूस्खलन 3 की मौत, 2 घायल

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में रविवार को बड़ा हादसा हुआ है। यहां केदारनाथ पैदल मार्ग पर पहाड़ी से मलबा गिरने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग घायल हो गए हैं। यह हादसा चिरबासा के पास हुआ है। राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी। इसके बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके



पर राहत और बचाव कार्य के लिए पहुंची हैं। साथ में प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि चिरबासा के पास भूस्खलन की सूचना है। इस हादसे में कुछ यात्रियों की मलबे में दबने से मौत की खबर है। हादसे का शिकार हुए कुछ घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## केरल में निपाह वायरस से 14 साल के बच्चे की इलाज के दौरान मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले के 14 वर्षीय लड़के की निपाह वायरस से मौत हो गई। जब बच्चे का टेस्ट किया गया था, तो वह निपाह वायरस पॉजिटिव पाया गया था। इसके बाद रविवार को कोझीकोड के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बच्चे को 10 दिन पहले बुखार आया था और शुक्रवार से वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर था। शनिवार को एनआईवी-पुणे ने पुष्टि की कि बच्चे को निपाह वायरस है और उसे एक निजी अस्पताल से कोझिकोड के मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। बच्चे के इलाज के लिए मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की खुराक रविवार को पुणे से कोझिकोड पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन इससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। बच्चे के शरीर को निपाह वायरस से संक्रमित लोगों के लिए प्रोटोकॉल के अनुसार दफनाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने मलप्पुरम में एक नियंत्रण कक्ष खोला है, जहां अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

■ स्वास्थ्य मंत्री ने कही बड़ी बात

## हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर इजराइल की एयर स्ट्राइक

# आग के गोले में तब्दील हुआ ऑइल डिपो, 3 लोगों की मौत

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव



इजराइली लड़ाकू विमानों ने यमन के हुदैदाह बंदरगाह के पास हूती विद्रोहियों के सैन्य ठिकानों पर हमला किया है जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 87 लोग घायल हुए हैं। यह हमला ईरान समर्थित समूह हूती द्वारा इजराइल के आर्थिक केंद्र तेल अवीव पर किए गए ड्रोन हमले के एक दिन बाद हुआ। यमन के हूती गुट द्वारा संचालित मुख्य टेलीविजन समाचार आउटलेट अल-मसीरा टीवी ने स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से बताया कि तेल भंडारण और एक बिजली स्टेशन को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमलों में अधिकांश घायल गंभीर रूप से जल गए। हुदैदाह ने रॉयटर्स को फोन पर बताया कि बमबारी के दौरान पूरे शहर में धमाकों की आवाजें सुनी गईं और अल-मसीरा टीवी ने कहा कि नागरिक सुरक्षा बल और फायर ब्रिगेड बंदरगाह के तेल टैंकों में लगी आग को बुझाने की कोशिश करते हुए दिखे।


### नेतन्याहू की अपील

नेतन्याहू ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तेहरान और उसके समर्थकों - हूती, हमास और हिज़्बुल्लाह - पर दबाव बढ़ाने और ऐसा करके अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मार्गों को सुरक्षित करने में मदद करने का आह्वान किया है। नेतन्याहू ने कहा, "जो कोई भी स्थिर और सुरक्षित मध्य पूर्व देखना चाहता है, उसे ईरान की बुराई की जो धुरी है उसके खिलाफ़ खड़ा होना चाहिए। ईरान और उसके समर्थकों के खिलाफ़ इजरायल के संघर्ष का समर्थन करना चाहिए।" इस बीच, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने इजराइली हमलों की निंदा की और इसके खतरनाक परिणाम को लेकर भी चेतावनी दी।

# अहंकारी होने का अजब उदाहरण पेश कर रहे हैं राहुल

**पुणे।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पुणे में हुए बीजेपी के महाराष्ट्र अधिवेशन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला। अमित शाह ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन पर 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार के बावजूद अहंकार दिखाने का आरोप लगाया। अमित शाह ने कहा कि जीतने के बाद अहंकार आने के

■ पुणे में हुए बीजेपी के महाराष्ट्र अधिवेशन में शाह ने बोला हमला



आपको सैकड़ों उदाहरण दुनिया भर की राजनीति में मिलेंगे। मगर हारने के बाद अहंकारी होने का एक अनूठा उदाहरण राहुल गांधी दुनिया को दे रहे हैं। अमित शाह ने आगे ललकारते हुए कहा कि महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में हमारे आगामी विधानसभा चुनाव जीतने के बाद राहुल गांधी का यह अहंकार चूर-चूर हो जाएगा।

### शरद, उद्धव पर साधा निशाना

अमित शाह ने शरद पवार पर हमला बोलते हुए कहा कि शरद पवार ने भ्रष्टाचार को संस्थागत बना दिया है। वहीं उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि उद्धव ठाकरे 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगने वालों के साथ बैठे हैं। शाह ने कहा कि समाज के हर तबके को न्याय देने का काम अगर किसी पार्टी ने किया है तो वो है- भारतीय जनता पार्टी। उन्होंने कहा कि मैं काफी सोच समझकर बोल रहा हूं कि महाराष्ट्र में जब-जब बीजेपी सरकार आती है, मराठा को रिजर्वेशन प्राप्त होता है और जब-जब शरद पवार की सरकार आती है मराठा रिजर्वेशन गायब हो जाता है।




4-5 दिन से दर्द से तड़प रहीं

# एक्ट्रेस जैस्मीन भसीन को लेंस पहनना पड़ा भारी, आंखें हुईं खराब



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। एक्ट्रेस की आंखों की कॉर्निया डैमेज हो गई है। जिसकी वजह से उन्हें दिखना बंद हो गया है। दरअसल, ये सारी दिक्कतें जैसमीन के आंखों में लेंस लगाने के बाद हुईं। इसके बाद डॉक्टर ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है और उनकी दोनों आंखों पर पट्टी बांध दी है। एक्ट्रेस ने बताया कि ''वो 17 जुलाई को एक इवेंट में शामिल होने के लिए दिल्ली गई थीं। इस इवेंट के लिए उन्होंने अपनी आंखों में लेंस लगाया था, जिसकी वजह से उन्हें ये परेशानी हो गई। पहले उनकी आंखों में जलन हुआ और फिर वह दर्द से तड़पने लगीं। फिर कुछ देर बाद उन्हें दिखाई देना बंद हो गया।''

### दर्द के बावजूद किया इवेंट अटेंड

जैस्मिन भसीन मीडिया से बात करते हुए आगे बताया कि ''इतना दर्द होने के बावजूद मैंने चश्मा पहनकर अपना वर्क कमिटमेंट पूरा किया। लेकिन जब दर्द बर्दाश्त नहीं हुआ, तो मैंने डॉक्टर के पास जाने का फैसला किया। तब मुझे पता चला कि लेंस पहनने की वजह से मेरी आंखों की कॉर्निया डैमेज हुई है और उन्होंने मेरी आंखों पर पट्टी बांध दी तो उसी दिन मैं मुंबई वापस गई और फिर यहां आकर मैने अपना इलाज कराया।'

### मैं जल्द ठीक होकर वापस काम पर लौटूंगी

उन्होंने अपना हाल बताते हुए आगे कहा कि फिलहाल मेरी आंखों पर पट्टी बंधी हुई है लेकिन अभी भी मुझे दर्द में आराम नहीं मिल पाया है। डॉक्टर्स ने मुझे बोला है कि मैं अगले 4-5 दिन में ठीक हो जाऊंगी। तब तक मुझे अपनी आंखों का खास ख्याल रखना होगा। ये मेरे लिए काफी मुश्किल है, क्योंकि मैं देख नहीं पा रही हूं और दर्द की वजह से मुझे सोने में भी बहुत तकलीफ हो रही है। हालांकि, मुझे उम्मीद है कि मैं जल्द ठीक होकर काम पर वापस लौटूंगी।'



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 22 जुलाई 2024


हरिभूमि खास

**प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद**

# शाह के कहे को साकार करने साय सरकार संकल्पित : विजय

## नक्सल मोर्चे पर राज्य सरकार की रीति-नीति स्पष्ट, गोली के साथ बोली के भी हिमायती हम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को तीन साल में समाप्त करने का जो ऐलान किया है, उससे न तो मैं दबाव महसूस करता हूं न ही हमारी सरकार। इससे हम उत्साह में हैं। हमें भरोसा है, तय समय पर हम लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। बस्तर का दर्द समाप्त हो जाएगा और बस्तर में विकास होगा। बस्तर के दर्द को समाप्त करने के लिए नक्सलियों से हम किसी भी माध्यम से बात करने के लिए हमेशा तैयार हैं। ये बातें हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से सार्थक संवाद में प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहीं। प्रस्तुत है, बातचीत।




*सीएम विष्णुदेव साय की सादगी में बहुत दम है, प्रभाव है, वे करके दिखाते हैं: विजय*

- *जब मंत्री बने और गृह विभाग मिला तो आपको क्या लगा, मंत्री बनाए गए हैं या निपटाए गए हैं?*
- विभागों के बंटवारे में जब मैंने अपने पास गृह विभाग देखा तो पहले मुझे कुछ समझ नहीं आया, बाद में मुझे समझ आया है कि एक तो मुझे पंचायत विभाग दिया गया है, दूसरा महापंचायत।
- *गृह विभाग को कांटों का ताज कहा जाता है, प्रदेश में गृह मंत्रियों का इतिहास रहा है, आपको लगा नहीं कि कांटों का ताज आपके हिस्से में क्यों आया?*
- जो जीवन पहले रहा है, वही है। जीवन संघर्ष है, फिर से संघर्ष है, फिर से करके दिखाना है। यही भाव मन में रहा है, इसी भाव से काम कर रहा हूं। ईश्वर दया करेंगे।
- *आपको डिप्टी सीएम बनाया गया, फिर गृह विभाग दिया गया, इसकी जानकारी कैसे हुई। आपसे चर्चा करके गृह विभाग दिया गया या अखबारों से जानकारी हुई?*
- जब मुझे जानकारी हुई कि मुझे डिप्टी सीएम बनाया जा रहा है तो मुझे यकीन नहीं हुआ कि मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। पत्रकार साथियों से जानकारी मिली, बाद में मुझे फोन आया कि आपको शपथ लेनी है। बाद में मालूम हुआ डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ लेनी है। शपथ ले ली। विभाग वितरण के समय मुझे कोई जानकारी नहीं थी।
- *बृजमोहन अग्रवाल के बाद आमतौर पर आदिवासी विधायक को गृह विभाग दिया जाता था, भाजपा शासन में। इस सरकार में सामान्य वर्ग से आपको गृह विभाग दिया गया तो पार्टी या मुख्यमंत्री द्वारा आपसे कोई अपेक्षा जाहिर की गई, क्या चाहते हैं आपसे?*
- पार्टी के नाते कुछ नहीं कहा गया। भिड़कर काम करेंगे, पसीना बहाकर काम करेंगे। यह भाव सबके मन में होता है। जब हमारे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कह दिया, तीन साल में नक्सलवाद समाप्त करना है, उस दिन से ये तय कर लिया है, प्राणबद्ध तरीके से लगकर काम करना है। अब हर क्षण इसीलिए जीना है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ के लिए 3113 का नया जत्था रवाना

जम्मू। दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 3,113 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था रविवार तड़के रवाना हुआ। इस जत्थे में 707 महिलाएं शामिल हैं। अनंतनाग के पहलगाम और गांदेरबल के बालटाल मार्ग से संचालित 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी।

### राजौरी में कैब खाई में गिरी, दो की मौत

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में रविवार सुबह एक कैब के खाई में गिर जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। कैब सवार थांदिकास्सी से लाम की ओर जा रहे थे, तभी चलान गांव के पास उनका वाहन हादसे का शिकार हो गया। कैब चालक अरुण कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

*इंद्रावती डेंजर जोन से 1 मीटर नीचे, 24 घंटे हुई 131.6 एमएम बारिश बारिश से कई मकान हुए क्षतिग्रस्त*

# बस्तर के कई इलाकों में 'जल-त्रासदी', बांध के पानी में बह गए वाहन, रास्ता बंद, टापू बन गए गांव





तेलंगाना से टूटा बीजापुर का सड़क संपर्क

*रायपुर समेत राज्य के बड़े इलाके को मानसूनी बारिश ने तरबतर कर दिया। खासकर, बस्तर में बाढ़ के हालात बन गए हैं। वहां लगातार बारिश की वजह से किरंदुल में एनएमडीसी का बांध क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे पूरा इलाका जलमग्न हो गया है। इस बाढ़ में स्कूली बच्चे भी फंसे हुए थे, जिनका रेस्क्यू किया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर, कोण्टा/ बीजापुर/ किरंदुल/ भोपालपटनम/ गुरुर/ कोपरा/ मैनपुर/ बालोद

बीते 24 घंटों से अधिक समय से लाइफ लाइन कहे जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 बाधित है। पड़ोसी राज्यों की परिवहन व्यवस्था पूरी तरह से रुका हुआ है। शबरी नदी कोंटा फर्स्ट वार्निंग को क्रॉस करते हुए जलस्तर में वृद्धि बनाए हुए है। वहीं, गोदावरी भद्राचलम फर्स्ट वॉर्निंग 43 फीट के करीब पहुंचने वाली है। इधर, बालोद के गुरुर में बारिश की वजह हुए एक सड़क हादसे में ग्रामीण चिकित्सा सहायक की मौत हो गई। वहीं, यहां नदी नाले उफान पर हैं, जिसके कारण कई गावों पानी घुस गया है। लौह नगरी किरंदुल में भी बारिश ने कहर बरसाया है, यहां रविवार ▶▶| शेष पेज 4 पर





### कच्चे मकान गिरे


भैरमगढ़ व कुटरू के प्रभारी तहसीलदार मोहन साहू ने बताया कि तुमला नाला में पानी पुलिया से ऊपर चल रहा है, लेकिन यह मार्ग बाधित नहीं है। इस मार्ग पर लोग बाईपास से होकर आवागमन कर रहे हैं। उन्होंने ▶▶| शेष पेज 4 पर



### नाले में पलटी कार डॉक्टर की मौत

बालोद के ब्लॉक मुख्यालय गुरूर से भूलनडबरी मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान कार में सवार ग्रामीण चिकित्सा सहायक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ▶▶| शेष पेज 4 पर

### तीन दिन में 11 फीसदी संकट की भरपाई सामान्य स्थिति में आया छत्तीसगढ़



*रायपुर। भले ही मानसून की मेहरबानी बस्तर जिले में अधिक हो मगर पिछले तीन में 11 फीसदी संकट की भरपाई हो गई है। पिछले पांच साल में पहली बार जुलाई के महीने में छत्तीसगढ़ 376 मिमी. बारिश के साथ सामान्य स्थिति में आ गया है यहां केवल* ▶▶| शेष पेज 4 पर

### उत्तरी हिस्से में अभी सूखा

*मानसून का असर अभी सबसे अधिक प्रदेश के दक्षिणी हिस्से यानी बस्तर पर नजर आया है। वहां के अधिकांश जिलों में अच्छी बारिश हो रही है। मध्य इलाके यानी रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर संभाग के जिलों में* ▶▶| शेष पेज 4 पर




## चिंतन

# बजट सत्र पर देश की निगाहें लेकिन विपक्ष के सुर अलग

आज से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है। मोदी 3.0 सरकार कल अपना पहला बजट पूर्ण बजट पेश करेगी। इस पर देशभर की निगाहें हैं। हालांकि सर्वदलीय बैठक में विपक्ष के जो अलग सुर दिखे हैं, वे सत्र के हंगामेदार होने के संकेत दे रहे हैं। यह बजट वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जुलाई से मार्च तक की अवधि के लिए ही होगा, लेकिन इसमें वर्ष 2024 के आम चुनाव के दौरान भाजपा की ओर से किए वादे को पूरा करने, विकसित भारत के लिए जरूरी कदम, विकास को गति देने के प्रयास, महंगाई नियंत्रण के लिए आपूर्ति सिस्टम को सुधारने, मध्य वर्ग को राहत देने, उद्योग क्षेत्र में जान फूंकने, कृषि सुधार और सार्वजनिक व्यय बढ़ाने का रोडमैप हो सकता है। सब्सिडी की तर्कसंगत समीक्षा हो सकती है, जनकल्याण योजनाओं के दायरे को लाभार्थी अनुकूल बनाया जा सकता है। मध्य वर्ग को आयकर स्लैब में राहत की उम्मीद है, बैंकों का भी जोर है कि बचत को आकर्षक बनाया जाय, ताकि बैंकों के पास जमा के रूप में तरलता बनी रहे। बजट को लेकर जो भी उम्मीदें हैं, उसकी पूरी होने की संभावना के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पिटारे खुलने का इंतजार करना होगा। बजट सत्र हंगामेदार होगा, इसकी झलक मिल गई है। बजट सत्र से एक दिन पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें कांग्रेस व सहयोगियों ने अपने तेवर दिखा दिए हैं। कांग्रेस ने लोकसभा का उपाध्यक्ष पद मांगा है तो सहयोगी दलों ने विशेष दर्जे की मांग की है। कांवड़ यात्रा शुरू होने से ठीक पहले उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में दुकानों पर नाम लिखने के आदेश पर जारी बहस के बीच शुरू हो रहे संसद सत्र में विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार को घेरेगा। कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक में प्रतिष्ठित नीट सहित पेपर लीक से जुड़े मुद्दों को उठा कर स्पष्ट संकेत दिया कि वह इस सत्र को हंगामेदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है। सरकार के सहयोगी दलों ने भी विशेष दर्जे का मुद्दा उठाते हुए केंद्र को अपनी प्राथमिकताओं का स्पष्ट संकेत दिया। 44 दलों के 55 नेताओं ने सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लिया। कांग्रेस ने सरकार से संसद में मुद्दे उठाने की अनुमति मांगी है, साफ है कि संसद का यह सत्र भी शोरशराबा वाला ही होगा। हालांकि सर्वदलीय बैठक का मकसद ही सभी दलों से सत्र चलाने में सहयोग मांगना होता है। विपक्ष सरकार को सहयोग का आश्वासन भी देता है, पर सत्र शुरू होते ही विपक्ष व्यवधान खड़ा करने लगता है। देश में विपक्ष का चरित्र ही ऐसा बन चुका है कि वह केवल हंगामा करना ही जानता है, वह केवल अवरोधक ही है, जबकि विपक्ष को संसद में रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए। अच्छा होगा जब विपक्ष संसद में मुद्दों पर सार्थक बहस व गंभीर चर्चा की परिपार्टी को अपनाना शुरू करेगा। विपक्ष में रहते हुए भाजपा व कांग्रेस समेत सभी दलों का चरित्र अवरोधक ही रहा है। अब बदलाव की जरूरत है। विपक्ष के नेता के रूप में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को संसद में बहस को सार्थक बनाने के लिए गरिमापूर्ण व्यवहार के साथ मुद्दों व विषय पर आधारित चर्चा करने का परिचय देना होगा। राहुल ने विपक्ष के नेता के तौर पर अपने पहले संबोधन में विषय से हटकर भाषणनुमा मिथ्या स्पीच देकर काफी निराश किया था। वित्त मंत्री सीतारमण लगातार सातवीं बार बजट पेश कर नया रिकार्ड बनाएगी, इसी के साथ विपक्ष से भी उम्मीद है कि वह संसद सत्र को मूल्यवान व सार्थक बनाने में सहयोग करेगा। समालोचना व मुद्दों पर आधारित आलोचना के साथ उपाय रखा जाना संसदीय लोकतंत्र की खूबियां हैं, खूबियों के पालन की उम्मीद है।



# चुनौतियों को साधने की होगी कोशिश

**बजट उम्मीद**
डॉ. सत्येन्द्र किशोर मिश्र

> सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े भारत के विशाल आकार के कारण बेहतर अवश्य हैं, परंतु असल चुनौती बढ़ती बेरोजगारी, गहराती आर्थिक असमानता, बुनियादी ढांचे की अपर्याप्तता, घटता विनिर्माण निवेश, निम्न घरेलू उपभोग तथा बचत, बदहाल कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, आर्थिक अस्थिरता एवं महंगाई, राजकोषीय अनुशासन के साथ नवाचार व उद्यमिता को बढ़ावा देने की है। आम बजट के सम्मुख आर्थिक सुधारों की रफ्तार बढ़ाने और दीर्घकालीन लक्ष्य ओझल किए बिना आम नागरिकों के बेहतरी की चुनौती है। सभी के लिए रोजगार तथा बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता लोककल्याणकारी राज्य हेतु अपरिहार्य है।

एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले आम बजट का मकसद भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना हो सकता है। सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े भारत के विशाल आकार के कारण बेहतर अवश्य हैं, परंतु असल चुनौती बढ़ती बेरोजगारी, गहराती आर्थिक असमानता, बुनियादी ढांचे की अपर्याप्तता, घटता विनिर्माण निवेश, निम्न घरेलू उपभोग तथा बचत, बदहाल कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, आर्थिक अस्थिरता एवं मंहगाई, राजकोषीय अनुशासन के साथ नवाचार व उद्यमिता को बढ़ावा देने की है। आम बजट के सम्मुख आर्थिक सुधारों की रफ्तार बढ़ाने और दीर्घकालीन लक्ष्य ओझल किए बिना आम नागरिकों के बेहतरी की चुनौती है।

उच्च पूंजी निर्माण भारत की आर्थिक संवृद्धि में मददगार रहा है, हालिया आम बजटों में पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देने के साथ ही राज्य सरकारों को भी इस हेतु समर्थन रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में सकल पूंजी निर्माण में 11 फीसद और वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 फीसद से अधिक की वृद्धि के परिणामस्वरूप, भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.3 फीसद की वृद्धि हुई, परंतु निजी क्षेत्र की प्रतिक्रिया निराशाजनक रही। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सुस्ती तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट चिंताजनक है। औसत पारिवारिक बचत रिकॉर्ड निचले स्तर तथा ऋण ऊंचाई पर हैं। ग्रामीण मजदूरी में गिरावट निरंतर है, राष्ट्रीय आय में मजदूरी तथा विनिर्माण का हिस्सा लगातार घट रहा है। निजी खपत में गिरावट रोकना आम बजट के सामने चुनौती है, इससे लड़ने की शुरूआत इसी आम बजट से करनी होगी। बुनियादी ढांचे का आर्थिक विकास और रोजगार सृजन पर महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। हालिया वर्षों के अनुभव सरकार को बजट में आवास, परिवहन गलियारों में निवेश बढ़ाने का संकेत कर रहे हैं, जिससे दीर्घकालिक आय वृद्धि होगी तथा रोजगार सृजन होगा। आर्थिक स्थिरता, विदेशी निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि यह नीतिगत निरंतरता का सकारात्मक संकेत होता है। औद्योगिक विकास तथा पर्यटन में रोजगार संभावना, आम बजट में इन क्षेत्रों के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव का आग्रह करती है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने निगम कर में कमी, विनिर्माण को बढ़ावा देने और कुशल और पारदर्शी कर प्रशासन हेतु प्रौद्योगिकी के उपयोग सहित कई व्यवसाय-समर्थक उपाय किए हैं, इसमे निरंतरता की जरूरत है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र में वर्ष 2023-24 में 6.5 फीसद की वृद्धि की उम्मीदें हैं, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण उद्योगों में मंदी है। श्रम-गहन परिधान उद्योग में 20 फीसद से अधिक, जबकि कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उद्योगों में 15 फीसद से अधिक की गिरावट है। इन उद्योगों से न केवल विनिर्माण क्षेत्र के पुनर्जीवन की बल्कि तकनीकी रूप से परिष्कृत उत्पादक के रूप में स्थापित होने की उम्मीदें हैं। सार्वजनिक निवेश, निजी निवेश को प्रोत्साहित करता है, परंतु निजी निवेशकों की सुस्ती चिंताजनक है। इससे सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर अधिक खर्च के कारण उच्च पूंजीगत व्यय स्तर को बनाए रखने में मुश्किल होगी। प्रत्यक्ष विदेशी निवेशकों की भारत में



भागीदारी घटी है। यद्यपि, गिरावट के बावजूद भारत का प्रदर्शन बेहतर है, क्योंकि व्यापार और विकास पर वर्ष 2023 में विकासशील देशों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह में 12 फीसद की गिरावट आई है। वैश्विक अर्थव्यवस्था की धीमी रफ्तार से विदेशी व्यापार प्रभावित हुआ है, वस्तुओं व सेवाओं के निर्यात में गिरावट आई। व्यापारिक वस्तुओं में कम आयात के कारण व्यापार खाता असंतुलन पिछले वर्ष की तुलना में 36 फीसद घटा है। आम बजट को इस ओर ध्यान देना जरूरी है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख समस्या एमएसएमई उद्यमों के असंतोषजनक हालात हैं। लगभग 11.1 करोड़ रोजगार के साथ दूसरे सबसे बड़े नियोक्ता और जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता तथा निर्यात और विनिर्माण उत्पादन हेतु महत्वपूर्ण है। एमएसएमई में गिरावट का मतलब है कि कम रोजगार, आम बजट में ऐसे पहल और उपाय जरूरी हैं जो एमएसएमई को प्रोत्साहन दें। बुनियादी सुविधाएं बढ़ाकर एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता, विशेषतः टियर 2 और टियर 3 शहरों में बढ़ाई जा सकती है। पीएलआई योजना में एमएसएमई को शामिल करने का परिवर्तनकारी प्रभाव हो सकता है, जिससे घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा और वस्तुओं और सेवाओं की नई मांग भी पैदा होगी। बड़े उद्योगों में बढ़ते स्वचालन के साथ कृषि, अनौपचारिक क्षेत्र और निर्माण में श्रमिकों की बढ़ती भीड़ के लिए कार्य की गुणवत्ता संदिग्ध है। जाहिर है, युवाओं को कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षित करना आवश्यक है। कौशल भारत मिशन एक सराहनीय कोशिश है, परंतु वास्तविक परिणाम अभी दिखने शेष हैं। अभी भी अनेक व्यवसायों हेतु आवश्यक कौशल संपन्न कामगार अनुपलब्ध हैं। जीडीपी अनुमान, कृषि सहित प्राथमिक क्षेत्र में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि दिखा रहे हैं। मौसम की अनिश्चितता के कारण भारत में कृषि उत्पादन वृद्धि दर 2023-24 में पिछले वर्ष 4.7 फीसद से घटकर 1.4 फीसद रह गई है। कृषि क्षेत्र में बढ़ती आय मांग बढ़ाती है, जो विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों को प्रोत्साहित करती है। आम बजट में कृषि क्षेत्र के लिए समर्थन जरूरी है। निःसंदेह भारत में बेरोजगारी की निराशाजनक स्थिति सबसे बड़ी समस्या है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी की रिपोर्ट बताती है कि भारत में बेरोजगारी दर मार्च 2024 में 7.4 फीसद से बढ़कर अप्रैल 2024 में 8.1 फीसद हो गई। केंद्र सरकार के श्रमबल आवधिक सर्वेक्षण के अनुसार, जनवरी-मार्च 2024 में 15-29 आयुवर्ग के शहरी बेरोजगारों का औसत 17 फीसद था, जिसे निम्न तथा गिरती श्रम भागीदारी दरों की दोहरी मार का सामना करना पड़ा। इस अवधि के दौरान एक दर्जनभर राज्यों में 20 फीसद से अधिक बेरोजगारी दर रही, एक राज्य में तो 30 फीसद से भी अधिक हो गई। असंगठित क्षेत्र में पिछले सात वर्षों में 17 लाख रोजगार घटे हैं, युवा स्नातक बेरोजगारी 42 फीसद के साथ पांच दशकों के शिखर पर है। बजट में समाधान ढूढना होगा।

सभी क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए स्थायित्व का माहौल जरूरी है। भारत में विदेशी संस्थागत निवेशकों के एकाधिकार तथा अनिश्चितता व्यवहार को घरेलू वित्तीय निवेशकों ने लगभग समाप्त कर दिया है, इन्हें तत्काल प्रोत्साहन की जरूरत है। अतः दीर्घकालीन पूँजी लाभ कर में रियायत जरूरी हो गया है। निजी खपत बढ़ाना जरूरी है, इसके लिए प्रत्यक्ष करों में प्रावधान करने जरूरी हैं। मुद्रास्फीति नियंत्रण और आर्थिक विस्तार को बढ़ावा देने के उपायों के साथ-साथ खपत बढ़ाने हेतु कर कटौती उपायों की जरूरत है। आम बजट में निजी आयकर दरों में बदलाव के जरिए निजी खपत को बढ़ावा देकर निजी निवेश को बढ़ावा देना जरूरी है।

आम बजट में सभी के लिए रोजगार तथा बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता लोककल्याणकारी राज्य हेतु अपरिहार्य है, जरूरत है आम बजट को इसके लिए ईमानदारी से कोशिश करने की।

(लेखक विक्रम विवि में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



'विक्ट्री ऑफ़ फोर्ट' या 'विजय का किला' के नाम से जाना जाने वाला जयगढ़ फोर्ट महाराष्ट्र के प्रमुख किले में से एक है। जयगढ़ गाँव के पास और गणपतिपुले के उत्तर-पश्चिम में लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित, जयगढ़ किले के अवशेष जयगढ़ क्रीक की ओर एक चट्टान पर स्थिर हैं।

**राष्ट्रीय ध्वज दिवस**
श्वेता गोयल



# भारत की एकता का प्रतीक तिरंगा

विश्व में प्रत्येक राष्ट्र का अपना-अपना राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय ध्वज ही उसकी मर्यादा और अस्मिता से जुड़ा होता है। इस मायने में हमारा राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' अनेक विशेषताएं धारण किए हुए है। चूंकि अंग्रेजों से भारत की मिली आजादी के चंद दिन पहले ही 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान भारतीय तिरंगे को देश के आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाया था, इसीलिए भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन 'राष्ट्रीय ध्वज दिवस' मनाया जाता है। आधिकारिक रूप में तिरंगे को अपनाने के बाद से यह देश की एकता, साहस, और आकांक्षाओं का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय ध्वज का सफर 7 अगस्त 1906 को आरंभ हुआ था। हरे, पीले और लाल रंग की तीन पट्टियों से बना यह राष्ट्रीय ध्वज कलकत्ता के पारसी बागान में फहराया गया था। उस ध्वज पर ऊपर की हरी पट्टी पर एक ही पंक्ति में सफेद रंग के आठ कमल अंकित थे जबकि बीच वाली पीली पट्टी पर देवनागरी में गहरे नीले रंग से वंदेमातरम लिखा था और नीचे की लाल पट्टी पर बायीं ओर एक सफेद सूर्य और दायीं ओर एक-एक सफेद चन्द्रमा और तारा अंकित थे। 'भारत का झंडा' नामक यह ध्वज हालांकि भारत के सभी धर्मों, सम्प्रदायों और साम्प्रदायिक सद्भावना को मद्देनजर रखते हुए तैयार किया गया था, लेकिन यह ध्वज सर्वमान्य नहीं हो पाया। 1917 में डा. एनी बेसेंट और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक द्वारा 'होमरूल आन्दोलन' चलाया गया था। उस समय एक नया राष्ट्रीय ध्वज तैयार किया गया, जिसमें लाल और हरे रंग की एक के बाद एक कुल 9 समानान्तर और तिरछी पट्टियां थी। उस ध्वज के बीचों-बीच 7 तारे थे और एक कोने में चांद व तारा अंकित थे जबकि उसके ऊपरी बायें कोने में 'यूनियन जैक' का चित्र बनाया गया था। झंडे में यूनियन जैक के इस चित्र को सम्मिलित किए जाने के कारण ही यह अधिकांश लोगों द्वारा नापसंद कर दिया गया। तब एक ऐसे ध्वज की आवश्यकता महसूस की गई, जो प्रत्येक धर्म, सम्प्रदाय और विचारधाराओं के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के साथ देशवासियों के लिए जीवन-मरण का प्रतीक भी बन सके। 1921 में विजयवाड़ा में कांग्रेस के अधिवेशन में आंध्र प्रदेश के पिंगली वैंकैया नामक क्रांतिकारी युवक ने महात्मा गांधी को एक ऐसा ध्वज भेंट किया, जिसमें लाल व हरे रंग की केवल दो पट्टियां थी लेकिन पंजाब के एक बुजुर्ग नेता रायजादा पंडित हंसराज ने गांधी जी को सुझाव दिया कि इस ध्वज में चरखे को भी अंकित किया जाए और तब गांधी जी ने यह सुझाव स्वीकारते हुए हिन्दुओं के लिए केसरिया रंग, मुस्लिमों के लिए हरा रंग तथा अन्य सम्प्रदायों के लिए ध्वज में सफेद रंग को भी शामिल किया। 31 दिसम्बर 1929 को रावी नदी के तट पर इसी तिरंगे को फहराते हुए पूर्ण स्वतंत्रता की मांग की गई थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के चंद दिनों पहले जब भारत के सम्मान और स्वाभिमान के प्रतीक स्वरूप स्वतंत्र भारत के लिए राष्ट्रीय ध्वज की चर्चा चली तो 1931 में सर्वसम्मति से स्वीकार किए गए ध्वज को ही पुनः राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किया गया लेकिन 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा की एक बैठक में पं. नेहरू ने चरखे के स्थान पर इसमें देश की प्रगति, राष्ट्र के कानून और धर्म के पहिये के प्रतीक 24 तीलियों वाले अशोक चक्र को रखने का सुझाव दिया। संविधान सभा के सभी सदस्य सहमत हो गए। हमारे राष्ट्रीय ध्वज को वर्तमान स्वरूप तक पहुंचने के लिए करीब 41 वर्षों का बहुत लंबा सफर तय करना पड़ा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चेतना की चौथी अवस्था है शिव तत्व



संकलित
**दर्शन**

शिव को अनुभव करने का प्रयास न करें। आपको बस उस पल में मौजूद रहना है और निश्चिंत रहना है, शिव तत्व पहले से ही वहां मौजूद है। हमारी चेतना की 3 अवस्थाएं हैं - जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति, और चेतना की एक चौथी अवस्था भी है, जहां हम न तो जाग्रत होते हैं, न स्वप्न देखते हैं और न ही सोते हैं। इसका अनुभव ध्यान में होता है। उस चौथी अवस्था की झलक को ही शिव तत्व कहा जाता है। उपनिषद कहते हैं शिवम्, शांतम्, अद्वैतम्, चतुर्थम्, मन्यन्ते, सा आत्मा, सा विज्ञेय। अर्थात शुभ, शांतिपूर्ण चौथी अवस्था, जहां दो नहीं हैं, वह तुम्हारा स्वरूप है, वही जानने योग्य है। आपको क्या लगता है कि आप क्या हैं? आप केवल एक नाम नहीं हैं, मात्र एक रूप नहीं हैं। आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। शिव का मंदिर पत्थरों से नहीं मनुष्य की चेतना से बना है। वह जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है, वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है, वह रहस्यमय शिव तत्व है। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है। ये आनंद है, जो यह नहीं जानता, वह दुःखी होता है, निराश होता है, पीड़ित होता है। जो यह जानता है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक नृत्य है, उसे आनंद मिलता है। यह सत्य शिव तत्व है।

# भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमृत की बूंदें संभालना जरूरी

कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पंचायत प्रधानों को खत लिखकर अनुरोध किया था कि वे सब आने वाले बरसात के मौसम में जल संग्रहण करें, यह प्रधानमंत्री की प्रशंसनीय सलाह थी। नदी और जल के प्राकृतिक संसाधनों के सरताज देश में आज भी बहुत से क्षेत्र पीने वाले साफ पानी और सिंचाई के लिए तरसते हैं। देश की कृषि का बहुत बड़ा हिस्सा सिंचाई के लिए बारिश पर निर्भर है। लेकिन जरूरी नहीं कि हर घर को नल से जल पहुंचाने के लिए नदियों का ही सहारा लिया जाए। हमारे देश में जल के प्राकृतिक स्रोत भी बहुत हैं और बरसात में बारिश भी खूब होती है। वर्षा के जल को संभालकर रखने से देश की प्यास बुझाई जा सकती है और सिंचाई भी की जा सकती है। गिरते भूजल स्तर को कुछ हद तक सुधारने के लिए बारिश के पानी को संभालना बहुत जरूरी है। *- विवेक साहू, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### उपलब्धि प्रेरित करेगी



यह गर्व की बात है कि भारत अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ चौथे स्थान पर आया है। हमारा दल 4 स्वर्ण और एक रजत पदक लेकर आया है। यह उपलब्धि कई अन्य युवाओं को प्रेरित करेगी।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सबसे ज़्यादा शिकार आप हुई



आज हुई सर्वदलीय बैठक में मैंने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर बात उठाई है। इनके दुरुपयोग का सबसे ज़्यादा शिकार आप हुई है। दिल्ली को अभी तक 325 करोड़ रुपए मिलते थे। पिछले 2 वर्षों से एक पैसा भी नहीं मिल रहा है।
**-संजय सिंह, आप नेता**

### प्रेरणादायक भविष्य



अब समय आ गया है कि अमेरिका मंगल ग्रह पर अंतरिक्ष यात्री भेजकर कहीं अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचे! अंततः, जो कोई भी अंतरिक्ष यात्री बनना चाहता है और मंगल ग्रह पर नई सभ्यता के निर्माण में मदद करना चाहता है, उसे ऐसा करने में सक्षम होना चाहिए। यह प्रेरणादायक भविष्य है!
**-एलन मस्क, उद्योगपति**


### परिवार को खुश रखें शिवजी



जैकी..मैं और जैकी के मुंबई के बाहर का घर! कितना सुकून है यहां!! सुकून कुदरत का, खामोशी का, प्यार का और सबसे ज़्यादा दोस्ती का। शिवजी हमेशा जैकी और उसके परिवार को खुश, सेहतमंद रखे! जय हो!
**-अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# चीन के राष्ट्रपति शी ने मुझे प्यारा सा पत्र लिखा था



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पेनसिल्वेनिया में एक रैली में उन पर किए गए जानलेवा हमले के बाद चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने उन्हें एक प्यारा सा पत्र लिखा था। पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर एक बंदूकधारी ने कई गोलियां चलाई थीं। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी, जबकि रैली में शामिल एक व्यक्ति मारा गया था और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हमले के एक सप्ताह बाद ट्रंप ने मिशिगन के 'ग्रैंड रैपिड्स' में शनिवार को एक चुनावी रैली में कहा, 'मेरा राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बहुत अच्छा रिश्ता रहा और वह एक बढ़िया इंसान हैं।' अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने बताया कि उन पर हुए हमले के बाद शी ने 'मुझे अगले दिन एक प्यारा सा पत्र लिखा।' ट्रंप (78) ने कहा कि उन्हें अन्य नेताओं से भी इसी प्रकार के पत्र मिले हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने यह नहीं बताया कि और किन नेताओं ने हमले के बाद उनसे संपर्क किया। उन्होंने हमले के बाद अपनी पहली चुनावी रैली में कहा, इनमें से बहुतों को वह पसंद नहीं था जो मैं उनके साथ कर रहा था, लेकिन वे यह भी जानते थे कि यह समय की मांग थी।

## ऑफ बीट

# ध्यान प्रतिभागियों पर क्या प्रतिकूल प्रभाव भी डालता है



चूंकि ध्यान ऐसी चीज है जिसका अभ्यास आप घर पर मुफ्त में कर सकते हैं, इसलिए यह अकसर तनाव और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए एकदम सही 'टॉनिक' की तरह लगता है। यह एक प्रकार का बौद्ध-आधारित ध्यान है जिसमें आप वर्तमान क्षण में जो कुछ भी अनुभव कर रहे हैं, सोच रहे हैं और महसूस कर रहे हैं उसके प्रति जागरूक होने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इसका पहला दर्ज किया गया प्रमाण भारत में पाया गया जो 1,500 साल से भी अधिक पुराना है। बौद्धों के एक समुदाय द्वारा लिखित धर्मत्राता ध्यान शास्त्र में विभिन्न अभ्यासों का वर्णन किया गया है और इसमें ध्यान के बाद होने वाले अवसाद और चिंता के लक्षणों की रिपोर्ट शामिल है। इसमें मनोविकृति, पृथक्करण और विवैयक्तिकरण (जब लोगों को लगता है कि दुनिया ''अवास्तविक'' है) के प्रकरणों से जुड़ी संज्ञानात्मक विसंगतियों का भी विवरण दिया गया है। पिछले आठ वर्षों में इस क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान में उछाल आया है। इन अध्ययनों से पता चलता है कि प्रतिकूल प्रभाव दुर्लभ नहीं हैं। 2022 में अमेरिका में नियमित रूप से ध्यान करने वाले 953 लोगों के नमूने का उपयोग करके किए गए एक अध्ययन से पता चला कि 10 प्रतिशत से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिकूल प्रभावों का अनुभव किया।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर, सोमवार 22 जुलाई 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा | वर्ष : 23, अंक : 5 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**सावन आज से, पहला सोमवार भी...**

## छिंदक नागवंशी राजाओं के बनाए शिव मंदिर में पहुंचते हैं सावन में भक्त



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर**

ब्लॉक मुख्यालय बस्तर में 11वीं शताब्दी के शिव मंदिर में सावन सोमवार को भगवान महादेव का दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां के शिवलिंग को स्वयंभू कहा जाता है। यह शिवालय केंद्रीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर ग्राम में निर्मित ⏭ शेष पेज 4 पर

- बस्तर ब्लाक मुख्यालय में 11वीं शताब्दी में बना था शिव मंदिर

### एक रात में बना था मंदिर

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि स्वयंभू शिव के प्रकट होने के बाद विश्वकर्मा द्वारा मंदिर की रचना की गई, जो एक रात में बना था। संरक्षित होने के कारण आसपास के क्षेत्र में निर्माण और उत्खनन प्रतिबंधित है। वहीं किसी तरह की शुटिंग की भी मनाही है। कल सावन का पहला सोमवार है इसलिए यहां स्थानीय श्रद्धालु पूजा पाठ करने पहुंचेंगे। पूरे सावन महीने में श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में दिखाई पड़ती है।

## सांपों का बसेरा होने के कारण महादेव कई वर्षों तक एकांतवास में थे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

खास खबर







शहर के हृदय स्थल घड़ी चौक में आठ सौ साल पुराना मकेश्वर महादेव मंदिर स्थापित है। मकेश्वर महादेव के नाम से ही इस चौक का नाम मकई चौक पड़ा। धमतरी उस समय छोटा सा गांव हुआ करता था। मंदिर की देखरेख करने वाले भक्तजन गोमती चौबे, सरिता यादव, पिंटू यादव, गोपाल कटारिया, करण पांडे आदि ने बताया कि मंदिर अभी भी मूल स्वरूप में है। जीर्णोद्धार की आवश्यकता है। अभी तक इस मंदिर के लिए ट्रस्ट का निर्माण नहीं हुआ है। भक्तजन ही देखरेख करते हैं। मंदिर में स्थापित शिवलिंग स्वयंभू हैं। तालाब भी इसी के ⏭ शेष पेज 4 पर

### विशालकाय घंटा से निकलती है प्रतिध्वनि

मंदिर में लगा विशालकाय घंटा काफी वजनी है। अनुमान से पता चलता है कि इसका वजन 20 से 25 किलो होगा। घंटा बजाने से ओम नमः शिवाय की प्रति ध्वनि निकलती है। घंटा में अंकित संवत 1665 के अनुसार यह 416 साल पुराना लग रहा है। जबकि मंदिर 800 साल पुराना है।

## धमधा के बूढ़ेश्वर मंदिर में साक्षात नजर आते हैं शिवजी





**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई/ धमधा**

*दुर्ग का धमधा में एक ऐसा शिवमंदिर है, जहां शिवजी साक्षात नजर आते हैं। यह बूढ़ेश्वर महादेव के रूप में अंचल में विख्यात है। यहां के एक बूढ़ा तालाब और चौखरिया तालाब के तट पर स्थित बूढ़ेश्वर शिव मंदिर का निर्माण 15 वीं ईस्वी में हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक इस शिवलिंग की खासियत यह है कि पश्चिममुखी इस मंदिर में भगवान भोलेनाथ पर शेषनाग लिपटे हुए हैं, जो साक्षात नजर आते हैं। कुछ लोग इस मंदिर को उलटा मंदिर भी कहते है, क्योंकि मंदिर का ऊपरी भाग समाप्त हो चुका है। दस साल पहले छत्तीसगढ़ पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग ने इस मंदिर को अपने अधीन लिया है, लेकिन जीर्णशीर्ण हाल अब तक नहीं सुधारी। बावजूद इसके सावन में शिवभक्त बड़ी संख्या में जुटते हैं। प्रतिदिन भक्त सुबह पांच बजे से भोलेनाथ की पूजा करने लोग आते हैं। साथ ही दूध, जल, बेलपत्र, फूल, पंचामृत, घी, अक्षत, मधुरस, शक्कर, श्रीफल चढ़ाकर भगवान शंकर का पूजन करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस सावन मास में बूढ़ेश्वर महादेव भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं।*

# बृजमोहन की जगह बैठेंगे केदार, सीएम साय के पीछे मंत्री राजवाड़े का आसन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। इस मानसून सत्र के लिए सदन में विधायकों की बैठक व्यवस्था को अंतिम रूप दिया गया है। मंत्रिमंडल से बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे के बाद उनके स्थान पर केदार कश्यप को प्रथम पंक्ति में स्थान दिया गया है। उन्हें मंत्री रामविचार नेताम के साथ बिठाया गया है। संसदीय कार्यमंत्री के रूप में सरकार को बचाने की पूरी जिम्मेदारी उनकी ही होगी। मंत्री श्री कश्यप पिछले सत्र के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पीछे मंत्री दयालदास कश्यप के साथ बैठते थे। अब उनकी जगह महिला एवं बाल ⏭ शेष पेज 4 पर

### ऐसी होगी बैठक व्यवस्था

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के दाहिने तरफ सत्तापक्ष और बाएं तरफ विपक्ष के सदस्यों की बैठक व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष के सामने की ओर भाजपा और कांग्रेस के सदस्य इसी क्रम में बैठेंगे। विपक्ष के नेता के रूप में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सबसे पहले आसीन होते हैं। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को स्थान दिया गया ⏭ शेष पेज 4 पर

खास खबर


बृजमोहन की जगह लेंगे केदार, मानसून सत्र में बदलेगी मंत्रियों की बैठक व्यवस्था

22 जुलाई से शुरू होगा मानसून सत्र

मानसून सत्र में लगे 965 सवाल



### मंत्री और वरिष्ठ विधायक सामने

सत्तापक्ष की ओर से पहली पंक्ति में मुख्यमंत्री के अलावा मंत्री को भी स्थान दिया गया है। संसदीय कार्य मंत्री के रूप में केदार कश्यप और रामविचार नेताम सरकार पर होने वाले आक्रमण का बचाव करने की मुद्रा में होंगे। दूसरी पंक्ति में भी मंत्री और वरिष्ठ विधायक सरकार के पक्ष को मजबूती से रखने पूरी तरह से तैयार हैं। बैठक व्यवस्था में अध्यक्ष के सामने की पंक्ति ⏭ शेष पेज 4 पर

## आज से सत्र, सावन में लगेगी सवालों की झड़ी

### पहले दिन पेश होगा प्रथम अनुपूरक अनुमान



छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार से मानसून सत्र शुरू होगा। 26 जुलाई तक चलने वाले सत्र में कांग्रेस के विधायकों ने कानून व्यवस्था समेत तमाम मुद्दों को लेकर राज्य सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की है। वहीं सत्तापक्ष ने विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने की पूरी तैयारी की है। सत्र के दौरान चार दिवंगत विधायकों को सदन में श्रद्धांजलि दी जाएगी। इनमें छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक मकसूदन लाल चंद्राकर और अग्नि चंद्राकर शामिल हैं। सदन में पहले दिन ही वित्त मंत्री ओपी चौधरी प्रथम ⏭ शेष पेज 4 पर

### इन मुद्दों पर घेरने की तैयारी में विपक्ष

*सत्र के दौरान विपक्ष, सत्तापक्ष को घेरने के लिए कई मुद्दे उठाने की कोशिश में है। इसके लिए विधायकों ने सवालों की झड़ी लगा दी है, इस बार सत्र हंगामेदार रहेगा। विपक्ष बलौदाबाजार हिंसा के साथ-साथ अवैध शराब की बिक्री, खाद-बीज की कमी, कानून अव्यवस्था, बिजली के दाम में वृद्धि और बिजली कटौती, बैगा जनजातियों की डायरिया से मौत, गो-तस्करी, आदिवासी छात्रावासों में गड़बड़ी, जर्जर स्कूल भवन, धान खरीदी केंद्रों में गबन के मामले, राशन सामग्री वितरण में गड़बड़ी और नक्सली हिंसा जैसे मुद्दों पर घेरने की रणनीति बना रहा है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### 12वीं में फेल, नीट में मिल गए 705 नंबर!



**अहमदाबाद।** गुजरात में एक छात्र ने कुछ ऐसा कमाल कर दिखाया है जो सारे बच्चों को लिए मिसाल बन गया है। यहां नीट-यूजी परीक्षा में एक छात्र ने 720 में से 705 अंक हासिल किए हैं। इसमें हैरान करने वाली बात यह है कि यह छात्र कक्षा 12में फेल हो गई था। नीट यूजी परीक्षा के नतीजों की घोषणा शनिवार को हुई थी।

#### सरकारी छात्रावास की 40 से अधिक छात्राएं बीमार



**बड़वानी।** मप्र बड़वानी में सरकारी छात्रावास की 40 से अधिक छात्राएं बीमार हो गईं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। घटना शनिवार को निवाली के कस्तूरबा कन्या आश्रम में हुई। करीब 44 छात्राओं ने उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत की। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां 10 को भर्ती कर लिया गया।

संसद का मानसून सत्र आज से, 10 अगस्त तक होंगी 16 बैठकें

# कांग्रेस ने मांगा लोकसभा उपाध्यक्ष का पद बिहार-ओडिशा-आंध्र को मिले विशेष दर्जा

- सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने नीट का मुद्दा उठाया; सरकार ने संसद चलाने मांगा सहयोग
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक

*संसद का मानसून सत्र शुरू होने से ठीक एक दिन पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक हुई। इसमें सरकार ने संसद चलाने मांगा सहयोग मांगा। वहीं, कांग्रेस ने विपक्ष के लिए लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मांगा और प्रतिष्ठित नीट सहित पेपर लीक से जुड़े अन्य मुद्दे उठाए। इतना ही नहीं, सरकार के सहयोगी और महत्वपूर्ण मौकों पर उसका साथ देने वाले अन्य दलों ने भी बिहार और आंध्रप्रदेश के विशेष दर्जे का मुद्दा उठाते हुए केंद्र को अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया।*

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

कांग्रेस ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश का मुद्दा भी उठाया तथा स्पष्ट संकेत दिया कि वह इस सत्र को हंगामेदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है। इतना ही नहीं, सरकार के सहयोगी और महत्वपूर्ण मौकों पर उसका साथ देने वाले अन्य दलों ने भी अपने-अपने राज्यों के विशेष दर्जे का मुद्दा उठाते हुए केंद्र को अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया और अपने भावी रुख का मुजाहिरा किया। सरकार ने सत्र से पहले होने वाली इस पारंपरिक बैठक में कई छोटे दलों को आमंत्रित किया और सभी मुद्दों पर चर्चा करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। हालांकि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने जोर देकर कहा कि यह नियमों के अनुसार होनी चाहिए। उन्होंने ⏭ शेष पेज 4 पर

खास खबर

### 44 दलों के 55 नेता बैठक में हुए शामिल

#### आज पेश होगा आर्थिक सर्वेक्षण

मानसून सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान दोनों सदनों की 16-16 बैठकें होंगी। पहले दिन सोमवार को आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। दूसरे दिन 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट लोकसभा में पेश करेंगी।



#### सरकार ने क्यों बुलाई बैठक?

सरकार का मकसद सर्वदलीय बैठक में दोनों सदनों के सभी राजनीतिक दलों को सत्र के सरकार के एजेंडे और विधेयकों के बारे में जानकारी देना है। बैठक में विपक्षी दलों से संसद की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलने देने का भी अनुरोध किया जाएगा। विपक्षी दल भी अपने-अपने एजेंडे सामने रखेंगे जिन पर वे सदन में चर्चा चाहते हैं।

#### नेपाल के पानी से बिहार में बाढ़

बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा के अलावा जद (यू) नेता संजय कुमार झा ने पड़ोसी देश नेपाल से पानी छोड़े जाने के कारण उत्तर बिहार में हर साल आने वाली बाढ़ को रोकने के लिए केंद्र से हस्तक्षेप करने की मांग की। बीजद सांसद सस्मित पात्रा ने कहा कि उनकी पार्टी मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

#### सीतारमण कल पेश करेंगी बजट



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार से शुरू हो रहे सत्र के दौरान मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। सत्र सोमवार से शुरू होगा। यह 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। इस दौरान 16 बैठकें होनी हैं। सत्र के दौरान सरकार की ओर से छह विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है, जिसमें एक 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने के लिए है। इस दौरान जम्मू एवं कश्मीर के बजट को भी संसद की ओर से मंजूरी दी जानी है। इस पूर्ववर्ती प्रदेश में वर्तमान में राष्ट्रपति शासन लागू है। सीतारमण सोमवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेंगी।

#### टीएमसी ने नहीं लिया हिस्सा

सरकार ने तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में निर्दलीय सदस्यों को छोड़कर केवल एक सदस्य वाले दलों सहित सभी दलों को आमंत्रित किया। तृणमूल कांग्रेस ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि पार्टी रविवार को कोलकाता में अपनी वार्षिक शहीद दिवस रैली में व्यस्त थी। वाईएसआर कांग्रेस के नेता वी विजयसाई रेड्डी ने आंध्र प्रदेश में तेदेपा सरकार के गठन के बाद राज्य में अराजकता का आरोप लगाया और राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग की।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखी चिट्ठी**

## जो बाइडन नहीं लड़ेंगे राष्ट्रपति चुनाव, भारतवंशी कमला होंगी प्रत्याशी!





**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में दिलचस्प मोड़ आ गया है। वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव से नाम वापस ले लिया है। सामने आया है कि वह अब अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसकी पुष्टि खुद वर्तमान राष्ट्रपति ने की है। उन्होंने एक चिट्ठी लिखकर इसकी घोषणा की है। बाइडेन ने कहा, आज मैं कमला को इस वर्ष हमारी पार्टी का उम्मीदवार बनाने के लिए अपना पूर्ण समर्थन देना चाहता हूं। इसके साथ ही बाइडेन अगले हफ्ते राष्ट्र को संबोधित भी करेंगे। बता दें कि, काफी दिनों से इसकी चर्चा थी कि क्या बाइडेन राष्ट्रपति का चुनाव लड़ेंगे? इस सवाल के साथ कई अटकलें भी चल रही थीं।

#### चर्चा पहले से ही थी

गौर करें तो बाइडेन के राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने की चर्चा तब से शुरू हो गई थी, जब कुछ दिनों पहले वह लाइव डिबेट में ट्रंप से पिछड़ते दिखे थे। चुनाव से पहले रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों की ओर से पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडेन के बीच पहली लाइव डिबेट हुई थी, जिसमें बाइडेन पर ट्रंप भारी पड़ते नजर आए थे। ऐसे में राजनीतिक गलियारों से लेकर मीडिया में अटकलें थीं कि बाइडेन को रेस से हट जाना चाहिए।

#### कमला हैरिस का किया समर्थन

राष्ट्रपति बाइडेन ने अपने एक एक्स पोस्ट में कहा, मेरे साथी डेमोक्रेट, मैंने नामांकन स्वीकार न करने और अपने कार्यकाल के शेष समय में राष्ट्रपति के रूप में अपने कर्तव्यों पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। 2020 में पार्टी के उम्मीदवार के रूप में मेरा पहला निर्णय कमला हैरिस को अपना उपराष्ट्रपति चुनना था। यह मेरा अब तक का सबसे अच्छा निर्णय रहा है। बाइडेन ने कहा, आज मैं कमला को हमारी पार्टी का उम्मीदवार बनाने अपना पूर्ण समर्थन देना चाहता हूं।

*आध्यात्मिक मूल्यों एवं संस्कारों की पाठशाला है अघोर गुरुपीठ ब्रह्मनिष्ठालय बनोरा*

## बनोरा अघोर गुरुपीठ में गुरु दर्शन के लिए पहुंचे सीएम साय

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रायगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरुपीठ में गुरु दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने गुरुपीठ आश्रम के उपासना स्थल पर अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम की प्रतिमा के दर्शन कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने आश्रम में अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम के प्रिय शिष्य प्रियदर्शी भगवान राम के दर्शन भी किए और मार्गदर्शन लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने परिसर में करंज का पौधा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ⏭ शेष पेज 4 पर

खास खबर



#### पाटेश्वर धाम आश्रम भी गए

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बालोद जिले के डौंडीलोहारा विकासखण्ड स्थित जामड़ी पाटेश्वर धाम आश्रम पहुंचे। मुख्यमंत्री ने वहां सत्संग स्थल कौशल्या धाम में संत योगी बालकदास से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने पाटेश्वर धाम में ब्रह्मलीन गुरुदेव राम जानकी दास की समाधि निर्माण कराने तथा मंदिर परिसर में हाईमास्ट लाइट लगाने एवं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए शेड निर्माण कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जुगेंरा प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास की सीटें 50 से बढ़ाकर 100 करने की घोषणा की।

#### तीन दशक पहले रखी गई थी नींव

छत्तीसगढ़ में अघोरपंथ का बीजारोपण करने वाले पूज्य अघोरेश्वर के शिष्य बाबा प्रियदर्शी राम के करकमलों से तीन दशक पहले रायगढ़ के पूर्वांचल स्थित ग्राम बनोरा में इस ट्रस्ट की नींव रखी गई, तब से लेकर आज तक यह ट्रस्ट राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। आध्यात्मिक मूल्यों एवं संस्कारों को बढ़ावा देने के लिए अघोर गुरुपीठ ट्रस्ट बनोरा की स्थापना तीन दशक पहले की गई। अघोरेश्वर महाप्रभु ने समाज के विकास की अवधारणाओं का सूत्रपात किया।

**संस्कृत बोर्ड टॉपर्स कांड**

*अन्य 'तथाकथित मेधावियों' के भी नतीजे बदले*

## ऐसी गड़बड़ी...मेरिट लिस्ट में शामिल छात्रा कक्षा में ही नहीं कर सकी टॉप

- संस्कृत बोर्ड द्वारा नतीजे सार्वजनिक नहीं किए जाने के बाद हरिभूमि ने की पड़ताल
- सभी स्कूलों तक पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से जुटाई जानकारियां, परिणाम चौंकाने वाले

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

हरिभूमि फॉलोअप

संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा बारहवीं कक्षा के परिणामों की घोषणा बीते दिनों कर दी गई। नतीजे स्कूलों को गुपचुप रूप से भेज दिए गए, लेकिन संस्कृत बोर्ड ने इसे अपनी वेबसाइट में अपलोड नहीं किया और ना ही नई मेरिट लिस्ट जारी की। इसके बाद हरिभूमि की टीम उन स्कूलों में पहुंची, जहां संस्कृत माध्यम से पढ़ाई होती है। यहां प्राचार्यों सहित अन्य जिम्मेदार से मुलाकात तक व्यक्तिगत ⏭ शेष पेज 4 पर


हरिभूमि
संस्कृत बोर्ड की टॉपर परीक्षा में ही नहीं बैठी!

#### दिख रहा है अंतर

प्राचार्य ने कहा पुनर्मूल्यांकन करने के बाद अंक में बदलाव दिख रहा है। उच्च स्तर पर किसी प्रकार की शायद गड़बड़ी होगी, तभी अंक में परिवर्तन नजर आ रहा है।

-परशु राम, प्राचार्य, श्रीकोट संस्कृत विद्यालय

#### एक स्कूल से थे तीन टॉपर

पूर्व में घोषित परीक्षा परिणामों के मुताबिक, बलरामपुर रामानुजगंज जिले के श्रीकोट हायर सेकेंडरी स्कूल से तीन छात्रों के नाम टॉपर लिस्ट में थे। इसमें यामिनी भगत, रीना पैकरा और पीतांबर पैकरा के नाम शामिल थे। श्रीकोट स्थित रामेश्वर गहिरा गुरु हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य परसूराम ने बताया, पूर्व में जो रिजल्ट जारी हुआ था उसमें यामिनी भगत को 86.4 प्रतिशत, रीना पैकरा को 81 प्रतिशत और पीतांबर पैकरा को 80 ⏭ शेष पेज 4 पर

#### प्रदेश की टॉपर अपनी ही कक्षा में पिछड़ी

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम जरवे में संचालित स्वामी राम रतन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की योगेश्वरी कश्यप को 75 प्रतिशत अंकों के साथ क्लास में दूसरा स्थान मिला है। पूर्व में जारी हुए परिणाम में योगेश्वरी को 82 प्रतिशत अंक मिले थे और प्रदेश में उसे आठवां स्थान प्राप्त हुआ था। जबकि पुनः जांच के बाद जो परिणाम जारी किए गए है, उसमें उसके अंक 82 प्रतिशत से घटकर 75 प्रतिशत हो गए, जबकि इसी स्कूल की छात्रा मालती कश्यप को 82 प्रतिशत अंक ⏭ शेष पेज 4 पर

# पहले मैं बहुत घमंडी थी

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने अपने करियर में सभी बड़े सुपरस्टार्स के साथ काम किया है और कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। अनुष्का शर्मा ने महज 20 साल की उम्र में फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' से बॉलीवुड में कदम रख था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। कई सालों पहले कोयल पुरी के साथ एक इंटरव्यू के दौरान अनुष्का शर्मा से पूछा गया कि उन्होंने अब तक का सबसे घमंडी काम क्या किया है? इसके जवाब में एक्ट्रेस ने कहा, 'एक्ट्रेस बनने से पहले मैं बहुत घमंडी थी। मैं स्कूल और अन्य जगहों में लोगों से ज्यादा बात नहीं करती थी।



# विक्की कौशल के करियर की 5 दमदार फिल्में


## पहले दिन की मोटी कमाई, 1 मूवी ने सबसे ज्यादा किया कलेक्शन

*मुंबई। बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल की रोमांटिक-कॉमेडी 'बैड न्यूज' रिलीज होते ही सिनेमाघरों में छा गई है। फिल्म को क्रिटिक्स से अच्छे रिव्यूज मिले हैं और ऑडियंस भी मूवी की जमकर तारीफ कर रही है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने तगड़ी शुरुआत की है। 'बैड न्यूज' ने रिलीज के साथ ही 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' का रिकॉर्ड तोड़ दिया और साथ ही विक्की कौशल के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई है। आज हम आपको विक्की कौशल के करियर की तगड़ी ओपनिंग करने वाली 5 फिल्मों के नाम बताते हैं।*

**बैड न्यूज** 'बैड न्यूज' में विक्की कौशल के अलावा तृप्ति डिमरी और एमी वर्क ने लीड रोल निभाया है। फिल्म का डायरेक्शन आनंद तिवारी ने किया है। करण जौहर के जौहर के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म का खाता तगड़ा कलेक्शन के साथ खुला है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'बैड न्यूज' ने पहले दिन यानी शुक्रवार को देशभर में 8.30 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है, जो विक्की कौशल के करियर की बड़ी ओपनर फिल्म बन गई है।




**उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक :** साल 2019 में रिलीज हुई 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' फिल्म ने विक्की कौशल को स्टार बना दिया था। इसकी कहानी पाकिस्तान में इंडियन आर्मी की सर्जिकल स्ट्राइक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कि साल 2016 में हुए उरी अटैक से प्रेरित है। फिल्म में यामी गौतम, परेश रावल, मोहित रैना जैसे सितारों ने काम किया था। पहले दिन फिल्म ने 8.20 करोड़ रुपये की कमाई की थी।




**सैम बहादुर:** साल 2023 में रिलीज हुई मेघना गुलजार की 'सैम बहादुर' में विक्की कौशल ने देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की भूमिका निभाई थी। सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख भी फिल्म का हिस्सा थे। बॉक्स ऑफिस पर 'सैम बहादुर' कामयाब साबित हुई थी। इस मूवी ने ओपनिंग डे पर 6.25 करोड़ रुपये की कमाई की थी।




**स्पय ड्रामा फिल्म राजी :** विक्की कौशल ने साल 2018 में रिलीज हुई स्पाय-ड्रामा फिल्म 'राजी' में काम किया था, जिसमें वह आलिया भट्ट के साथ नजर आए थे। इस मूवी को धर्मा प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म में विक्की कौशल की एक्टिंग की जमकर तारीफ हुई थी। इस फिल्म ने फर्स्ट डे 7.53 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था।




**जरा हटके जरा बचके :** विक्की कौशल की फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' पिछले साल 2023 में रिलीज हुई थी। इसमें सारा अली खान फीमेड लीड के किरदार में नजर आई थीं। इस मूवी पर लोगों ने भर-भरकर अपना प्यार लुटाया था। लक्ष्मण उतेकर के डायरेक्शन में बनी 'जरा हटके जरा बचके' ने पहले दिन 5.49 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।




# तंगलान से खतरनाक लुक आया सामने

**मुंबई।** चियान विक्रम स्टारर मच अवेटेड फिल्म तंगलान का नया पोस्टर जारी किया गया है। इस पोस्टर में एक्टर एक खतरनाक लुक में नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर में पोस्टर में चियान विक्रम को एक छड़ी पकड़े हुए दिखाया गया है और उनके पीछे एक बड़ी भीड़ है। पोस्टर शेयर करते हुए बताया गया है कि इस थ्रिलिंग सिनेमेटिक एक्सपीरियंस देने वाली फिल्म को 15 अगस्त 2024 यानी स्वतंत्रता दिवस के दिन देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में चियान विक्रम के साथ एक्ट्रेस मालविका मोहनन भी हैं। वह अलौकिक शक्तियों वाली जादूगरनी की भूमिका निभा रही हैं, जो कहानी में और रोमांच जोड़ती हैं। इस कमाल की फिल्म को बेहद टैलेंटेड डायरेक्टर पा रंजीत ने डायरेक्ट किया है।

# 'भैया मेरे राखी के बंधन ...' कल रिलीज होगा ट्रेलर

**मुंबई।** भाई बहन के पवन त्यौहार रक्षाबंधन को लेकर भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने निर्माता प्रदीप सिंह एक नई भावनात्मक फिल्म "भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना" लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में ऋतु सिंह, गौरव झा, संजय पाण्डेय, जे नीलम और देव सिंह मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का ट्रेलर कल मंगलवार 23 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शन और मैडज मूवीज प्रस्तुत फिल्म "भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना" एक पारिवारिक और भावनात्मक कहानी पर आधारित है, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम और रिश्ते की गहराई को दर्शाती है। फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह के साथ समीर आफताब और प्रतीक सिंह भी हैं।





# हीरोइन बनेंगी सचिन की बेटी सारा...

**मुंबई।** सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर भी बॉलीवुड स्टारकिड्स की ही तरह खूब सुर्खियों में रहती हैं। सारा के लुक्स से लेकर उनकी पर्सनल लाइफ तक पर फैंस की नजर बनी रहती है। हाल ही में सारा तेंदुलकर का एक वीडियो सामने आया, जिसे देखने के बाद सबने सवाल करना शुरू कर दिया कि क्या सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर भी अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं? उनकी हालिया आउटिंग का वीडियो सामने आते ही सारा के बॉलीवुड डेब्यू की अफवाहों को हवा मिल गई है। स्टूडियो के बाहर स्पॉट हुईं सारा तेंदुलकर अब इंस्टाग्राम सारा का एक वीडियो सामने आया है। शेयर किए गए वीडियो में सारा किसी स्टूडियो के बाहर खड़ी वैनिटी वैन की ओर जाते नजर आ रही हैं।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- अंजार पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **पता- HP अंजार पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर मोबाइल 9340741230.**(RO-1137)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- आशीर्वाद किराया भंडार में पंडाल कार्य हेतु मेहनती ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन 10,000/- समय 9:00 से 8:30 तक **पता- ब्राह्मण पारा, सोहागा मंदिर रायपुर मोबाइल नंबर - 9826182338** (RO-6039)

आवश्यकता है- फैक्टरी में बोलेरो एवं टाटा एस चलाने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। **पता- कविता पालिमर उरकुरा रेल्वे स्टेशन भनपुरी रायपुर 6263757358.**(RO-1725)

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडके एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 07714092158.**(RO-169)

### ऑफिस सहायक

आवश्यकता है- ऑफिस सहायक हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, **अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल। 6265100904.**(RO-2890)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### ड्रायवर/घरेलु कार्य

आवश्यकता है- वी.आई.पी चौक लाभांडी रायपुर में निजी वाहन चलाने हेतु कम से कम 10 वर्ष अनुभवी ड्राइवर एवं सभी घरेलू कार्य, शाकाहारी खाना बनाने हेतु महिला। पान, गुटका, तंबाखू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले पति- पत्नी (बच्चे साथ में ना रहते हो) की आवश्यकता है. रहने की जगह दी जाएगी। **संपर्क करें-: 9300593000.** (RO-1222)

### कुक

आवश्यकता है- शाकाहारी खाना बनाने हेतु बाई/महाराज चाहिए. देवेंद्रनगर के आस-पास रहने वाले को प्राथमिकत. कृपा पता में आकर मिले. **लक्ष्मी सेल्स, न्यू टिम्बर मार्केट, फाफाडीह, रायपुर** (RO-1723)

### मैनेजर/सेल्स ऑफिसर

आवश्यकता है- पुष्कल एग्रीटेक लिमिटेड कंपनी में जरूरत है, रिटेल स्टोर मैनेजर- 02 पद, सेल्स ऑफिसर- 05 पद फील्ड डेवलपमेंट ऑफिसर- 05पद अनुभव 3-4 वर्ष सेम फील्ड योग्यता- डिप्लोमा बी.एस.सी एग्रीकल्चर/ एम.एस.सी एग्री केवल धमतरी जिला के लिए **संपर्क- 8770966968, 9340794647.**(RO-6036)

### डिलीवरी कार्य

आवश्यकता है- ब्लू डार्ट कंपनी में पार्सल डिलीवरी करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन 15000/- +पेट्रोल +इन्सेटिव। **पता- राणा काम्प्लेक्स, पं. रविशंकर यूनिवर्सिटी गेट के पास, आमानाका, एनर्जी फिटनेस के सामने, रायपुर- 8055905341, 9131020740.** (RO-7497)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### घरेलु कार्य

आवश्यकता है- घर का समस्त कार्य करने के लिए मेहनती एक महिला कामवाली की,24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा मुफ्त जल्दी **संपर्क करें - रायपुर** mobile - **8839536035, 7987466526.**(RO-175)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । **संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर ।** (RO-165)

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु पुरुष महिला एवं टैली ऑपरेटर (फीमेल) की **संपर्क करें राजेश होजियरी फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर 1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9425208201.** (RO-4440)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्कः- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर** (RO-68)

### मार्केटिंग

आवश्यकता है- जैविक कृषि उत्पादों की मार्केटिंग कार्य करने हेतु योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है पोस्ट -10 वेतन/आय :20000/- प्रतिमाह **9713517535, 9300494000.** (RO-321)

### हार्डवेयर/गोदाम कार्य

आवश्यकता है- रायपुर देवेंद्र नगर में हार्डवेयर एवं मोड्यूलर गोदाम हेतु अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार देवेंद्र नगर फाफाडीह के नजदीक रहवासी को प्राथमिकता। **मो- 9425246325/ 9907788603 रिज़्यूम वाट्सएप पर भेजें।**(SPD/799)

### मशीन ऑपरेटर

आवश्यकता है- लेथ मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, और हेल्पर की। पता बाराडेरा, सीआरपीएफ कैंप के पास, **मंदिर हसौद, रायपुर संपर्क करें मोबाइल नंबरः- 7024347173.**(RO-2889)

### टेक्नीशियन

Requirment- Draftsman/ Diploma / B.E. Civil Autocad Must Mohabazar In Front Of Singaporecity Raipur C . G . vivekagr100@gmail.com **9131883997, 9685777472.** (RO-16118)

### रिसेप्शनिस्ट

आवश्यकता है- प्लेनेट स्पा एंड फैमिली सेलून घड़ी चौक सुपेला भिलाई में रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है। वेतन 10000/- **संपर्क करें:- मो.- 79726-84619, 88503-25170.**(आरो नं.538)

### आवश्यकता

आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- राष्ट्रीय स्तर कम्पनी में ऑफिस कार्य हेतु नवयुवको की आवश्यकता है। जो अन्य शहरों में भी जाकर कार्य कर सके सैलरी+ कमीशन+ बोनस+ रहना, खाना फ्री। **सम्पर्क करें- 9691233111, 7999114133.** (RO-34883)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### आवश्यकता

WALK IN INTER-VIEW- ओमान देश के लिए, इंटरव्यू 23.07.2024 (10:30-05:00) होटल सागर इंटरनेशनल में, रेलवेस्टेशन दुर्ग के सामने छत्तीसगढ़, BOI-DATA पासपोर्ट अनुभव- शिक्षा प्रमाणपत्र आईडीकार्ड, सभी की एक पीडीएफफाइल में भेजें, और 9329000023, कॉलकरें 9076279503 / 9406012786, इंटरव्यू के समय दो सेट डाक्यूमेंट साथ दो फोटो लाएं। FORMEN /WELDER/CNC-OPRATOR/ FABRI-CATOR/SPRAY-PANTER /SAND-BLASTER/ FITTER/ GRIDER/EROCTOR/ BENDER-CUTTER(आरो नं.537)

### एकाउन्टेंट/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- 01 पद एकाउन्टेंट जीएसटी एवं बैलैन्स सीट का अनुभवी. 02 पद, जुनियर एकाउन्टेंट एमकॉम/ बीकॉम, टेली प्राइम/ एम.एस. ऑफिस, 03 पद ऑफिस वर्क बीकॉम / ग्रेजुएट/ 12वीं , 01 पद. सुपरवाइजर कम ड्राइवर। वेतन योग्यतानुसार सम्पर्ककरें। **राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली, दिनांक 24/07/24 शाम 05 से 07 बायोडाटा व्हाट्सएप करें मो. 7389951109 या कॉल करें - 98261-38080, 98264- 98036.** (आरो 535)

### अन्य

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667.(RO-2872)

आवश्यकता है- एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी (लड़के- लड़कियाँ) अनपढ़ 8वी, 10वी, 12वी, ग्रेजुएट (वेतन 28900- 84300/-) ग्राउंड स्टाफ सुपरवाईजर, चेकर, हेल्फर, गार्ड, ड्राईवर (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्कः- 8860132534.** (RO-2868)

## Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ - *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्कः-** *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai* Mo.- **9826196515, 9826896515.**(आरो -6357)

## Astrology ज्योतिष

ज्योतिष- गुरु माँ सुमित्रा देवी एक फोन में चमत्कार महाकाली की शक्ति मेरी भक्ति सिर्फ 72 घंटो में लवमैरिज, वशीकरण, मनचाहा प्यार, माता पिता को मनाना, हर समस्या का घरबैठे समाधान **संपर्कः- 9993670089.**(RO-2886)

ज्योतिष - शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्लेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो **संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119.**(RO-13135)

हरिभूमि

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

प्लॉट उपलब्ध है- दुर्ग बायपास टोल प्लाजा से लगा हुआ सर्वसुविधायुक्त प्लॉट, जहां पर 30 फीट 40 फीट रोड उपलब्ध है, आप यहां पर तुरंत घर बना सकते हैं यहां पर 90%बैंक फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। **संपर्क - 72470-06610, 72470-06609.**(आरो-6352)

प्लॉट बेचना है - लक्ष्मीनगर (संतोषी नगर क्षेत्र) रायपुर स्थित, 2044 स्क्वायर फीट डायवर्टेड प्लाट बेचना है, मकान, छोटे ग्रह उद्योग, गोडाऊन हेतु उपयुक्त, शीघ्र **संपर्क करें:- मोबाइल 8120840550, 9425843118.**(RO-6038)

बेचना है- दुकान बनाने लायक प्लाट 30x40 1200/- स्क्वायर फीट में डामर रोड से लगा हुआ प्लाट, मकान बनाने लायक प्लाट 500/- स्क्वायर फीट में डामर रोड से लगा हुआ जमीन व मकान बेचना है। **मोबाइल 6232114982, 8719849117.**(RO-6037)

### फ्लैट

फ्लैट बेचना है- नं 408, फोर्थ फ्लोर आनंद पुरम टावर फेस 2 माईल स्टोन स्कूल के पास जुनवानी रोड, भिलाई **संपर्कः- विनोद अमीन LIG- 50 हुडको भिलाई** MO.088275-05811, 098271-55811. (आरो नं.246)

### जमीन

जमीन बेचना है- भिलाई में निवेश के लिए शानदार प्लॉट करंजा भिलाई में 225/- प्रतिवर्गफीट सबसे सस्ती और सबसे अच्छी निवेश के लिए बेहतरीन अवसर अपना ड्रीमहोम I.I.T. के नजदीक बनाएं बेस्ट लोकेशन /प्राइस अभी विजिट करें और डील फाइनल करें **संपर्क करें 9893370648.**(आरो नं.542)

जमीन बेचना है- बोरई बस्ती के पास 80 डिसमील जमीन बेचना है। समय सुबह 11 से 3, दलाल क्षमा करे। **संपर्कः- मो.- 98264-56429.**(आरो नं.539)

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी.
CLASSIFIED RATE CARD
15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /-1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /-2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/-3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

हेपाटाईटिस,एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या
हेपाटाइटिस, हर्पिस, एवं एच.आई.वी. रोग अत्यंत घातक एवं खतरनाक वायरस हैं इसे किसी के कहने पर सुनी सुनाई अन्दाज से दवा खाकर समय की बर्बादी एवं जीवन से खिलवाड़ मत कीजिए , क्या आप गोली दवा ईलाज करके इस भ्रम में हैं कि रोग मुक्त हो गये अतः खून की जाँच कराएं तो पता चलेगा कि आप जड़ से रोग मुक्त हुए या नहीं । समझ में न आये तो स्वयं आकर मिले। स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) मे दाने छाले फून्सी, लाल होना फटना, जलन व दर्द योनि मे खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना मुँह में छाले, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना शरीर में खुजली होते हो तो यह हर्पिस रोग होने की संभावना है । **यौन समस्या :** इन्द्रीय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुनजन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथा स्ट्रेक्चर अर्थात (पेशाब में रुकावट बूंद बूंद या नहीं उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ध्यान रहें उपरोक्त बीमारियों का स्थाई ईलाज केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही है।
बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी. के. अग्रवाल
(बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303948500, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईंटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

AMITY UNIVERSITY
AMITY UNIVERSITY CHHATTISGARH

# AMITY RAIPUR
# DESIGNED FOR INNOVATION DRIVEN SUCCESS

**Tie-ups for** skills development with IBM, Oracle, Sun Microsystems...

**11** Start-ups incubated by campus incubator, including 9 by students

**130** Ph.D scholars enrolled

**50+** Hi-tech labs & learning studios

**73** Patents filed by faculty

**Students selected** for higher international progression at prestigious universities globally

**6** Centres of Excellence for IPR, RPA, Technologies, Ayurveda, Gender Studies, Tribal Development, Climate, Energy & Environment...

**50** Government funded research projects undertaken & submitted in partnership with SERB, MoE's Innovation Cell, DBT, ICMR, MSME...

**42+** Case studies developed

**225+** Distinguished faculty, scientists and staff

Brilliant minds rewarded by Human Resocia (2024) with a **CTC of Rs. 18.7 LPA**

**1,020** Books/research papers published

**Students' innovation** initiatives like IoT based LED bulb, Nano-bioengineered multifunctional face mask, Robot car, Smart Homes, Blue Biotechnology projects amongst others



2.2 LAKH Sqm. WORLD-CLASS AMITY UNIVERSITY CHHATTISGARH CAMPUS AT RAIPUR

## SUPERCHARGING CAREERS & PLACEMENTS

- Market driven curricula designed in consultation with Industry Advisory Boards
- Placements in top corporates like PwC, Amazon, Nestle, Flipkart, Accenture...
- Overseas prestigious placements in top corporates like Human Resocia, Sekisho Corporation, Nitto Denko, TMEIC...
- Unique 3 tier mentorship by a corporate leader,alumni & faculty for enhanced career guidance
- Extensive SBW: Skill Building Workshops; ICT enabled PPM: Pre-placement Talk Sessions; Student Centric PMM: Profile Mapping Matrix
- Career networking opportunities with 700,000+ well-heeled alumni
- Collaboration with diverse corporates across business horizons
- CEO Dinner Series, Industry Mentorship & Conversation Programs
- Student Committee on Placements (SCOP) to facilitate campus placements
- Experiential learning through live projects, industrial visits etc.

## NEW-AGE WORLD CAMPUS

- 16 States & UTs represented by students
- Modern library with 13,500 books, 3,000 printed & e-journals
- 1,200 Seater on-campus hostel
- 425 Seater auditorium
- 300 Mbps wi-fi smart campus
- 3-Acre sports complex with facilities for tennis court, cricket field, football ground etc.
- 7-Day compulsory military training camp
- Student Clubs like Symbion – App Development Club, Mooting & Debating Club, Dharohar, PIRATAGE- Ethical Hacking Club etc. for round-the-year social, literary & cultural activities

## 2024 SESSION ADMISSIONS OPEN FOR UG & PG PROGRAMMES IN THE FOLLOWING DOMAINS

- ARCHITECTURE
- BIOTECHNOLOGY
- COMMERCE
- COMPUTER Sc./ IT
- ECONOMICS
- ENGLISH LITERATURE
- ENGINEERING
- FASHION DESIGN
- INTERIOR DESIGN
- LAW
- MANAGEMENT
- MEDIA & COMMUNICATION
- PHARMACY
- PSYCHOLOGY
- ROBOTICS & AUTOMATION

*Ph.D programmes also available*

### AMITY MERIT SCHOLARSHIPS

| UG | | PG | | MBA | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Scholarship | 10+2 | 10+2 | Grad. | Scholarship | Percentile/ (CAT / MAT) | Score GMAT/ GRE |
| 100% | 93% | 93% | 80% | 100% | 90 | 650/161 |
| 50% | 88% | 88% | 75% | 50% | 85 | 600/157 |
| 25% | 70% | - | - | 25% | 75 | 450/149 |

FOR ADMISSIONS, APPLY AT:
**www.amity.edu/raipur**
BY: **3rd August 2024**
OR SCAN THE QR CODE

HELPLINE : **7303-396-666**

**FOR OPEN HOUSE SESSION AT CAMPUS (SATURDAY OPEN), REGISTER AT: www.amity.edu/raipur/openhouse**

AMITY UNIVERSITY CHHATTISGARH, MANTH (KHARORA), RAIPUR | **E:** admissions@rpr.amity.edu

## जैकेट के शेष

### शाह के कहे ....

▸▸ कांग्रेस शासनकाल में कवर्धा मामले में आपको जेल जाना पड़ा, पुलिस की प्रताड़ना का भी सामना किया, जब आप गृह मंत्री बने तो आपने क्या महसूस किया और उन लोगों ने क्या सोचा, जिन्होंने आपको प्रताड़ित किया था?

▸▸ मैं उस जेल में निरीक्षण करने गया, जहां पर मैं कैदी के तौर पर था, वो एक अलग अनुभव होता है। विभाग में भी बहुत सारी बातें होती हैं, लेकिन कभी किसी से व्यक्तिगत तौर पर कुछ नहीं होता है। किसानों का धान नहीं बिक रहा था तो कवर्धा कलेक्टोरेट में 9 दिनों तक धरने पर बैठा था। पीएम आवास वाला भी बड़ा आंदोलन था। हम विधानसभा गेट तक पहुंच गए थे, वहां रुक गए, लेकिन गेट के अंदर नहीं गए। हमें लिमिट मालूम है। इसके बाद कानून का अपमान होता है।

▸▸ ऐसा क्या बदल गया है, जो अब जवान नहीं, नक्सली मारे जा रहे हैं?

▸▸ सरकार बदल गई और सरकार का संकल्प बदल गया। संकल्प बड़ी बात होती है। अमित शाह ने जब नक्सलवाद को लेकर कहा, तीन साल में समाप्त करना है, इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी दिशा-निर्देश आया, तब स्पष्ट रूप से समझ में आ गया कि क्या करना है। इसी के साथ कैसे करना है, यह भी महत्वपूर्ण है। बेसकैंप के माध्यम से आगे बढ़े। हमारी नीति बनी, जवानों की सुरक्षा के साथ नक्सलियों के खिलाफ मोर्चा खोलना है। ये भी तय है ये सरकार हर कदम, हर क्षण चर्चा के लिए तैयार है।

▸▸ सरकार बदली तो प्रशासन का मुखिया भी नहीं बदला, डीजीपी को भी नहीं बदला गया, क्या कारण है?

▸▸ ये तो मुख्यमंत्री का विषय है, सीएस और डीजीपी। कवर्धा में भी एसपी वही हैं और कलेक्टर भी वही हैं। कहीं नहीं लगा कि किसी को बदलना चाहिए। सरकार बदली है, सरकार क्या चाहती है, यह बदला है। उसके आधार पर काम होता है। सभी अधिकारी उसी आधार पर काम करते हैं।

▸▸ आप गोली और बोली दोनों की बात करते हैं, नक्सल मोर्चे पर आखिर सरकार क्या चाहती है?

▸▸ देश में कहीं आतंकवाद है और वहां कोई आत्मसमर्पण करता है तो दस साल बाद भी आप उसको बॉडीगार्ड बनाने के लिए तैयार नहीं होंगे। बस्तर के भोले-भाले आदिवासी, जिनको बहला-फुसलाकर नक्सली बनाया जाता है, वे आत्मसमर्पण के एक हफ्ते बाद बॉडीगार्ड बनने को तैयार हो जाते हैं। छत्तीसगढ़ में उनकी वापसी के बहुत से रास्ते हैं, बहुत संभावनाएं हैं। इसलिए सरकार हमेशा कहती है, हम हमेशा बात करने के लिए तैयार हैं। वीडियो कॉल से फोन पर भी कोई चर्चा करना चाहे तो हम तैयार हैं।

▸▸ 526 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, यह सरकार की पुनर्वास नीति के कारण हो रहा है, या नक्सलियों को घर में घुसकर मारने के कारण हो रहा है?

▸▸ सरकार की पुनर्वास नीति अच्छी है, भाजपा सरकार की पहले वाली नीति भी अच्छी थी, इस बारे में इसे और अच्छा किया गया है। आत्मसमर्पण के पीछे यह नीति और लोगों के मन का बदलाव है। हम लोग सिलेगर गए थे, वहां पर बच्चों ने गाना गाया था, हमको भी कलेक्टर साहब बनना है। पॉलिसी और ऑपरेशन अपने स्थान पर है, लोगों का मन बदल रहा है।

▸▸ विपक्ष कहता है, बड़ी संख्या में निर्दोष आदिवासी मारे जा रहे हैं?

▸▸ सर्जिकल स्ट्राइक हुआ था देश में, उस वक्त कहा गया था, सैनिक घूमकर आ गए। अगर इमरान खान का बयान नहीं आता तो उनकी बातों को सच मान लिया जाता। लोगों को लगा, जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बोल रहे हैं तो सच बात होगी। कांकेर की नक्सली मुठभेड़ को भूपेश बघेल ने फर्जी बताया था, उसके तीन दिन बाद नक्सलियों ने ही सूची जारी कर बताया था कि उनके ये 29 साथी मारे गए हैं। ये फर्जी बातें करते हैं। जवानों का मनोबल तोड़ना नहीं चाहिए।

▸▸ बस्तर में विकास के लिए भी कुछ हो रहा है या सिर्फ वहां गोली चलवा रहे हैं?

▸▸ बस्तर में जो कैंप है, वो सुरक्षा के नहीं, विकास के कैंप है। नियद नेल्लानार योजना का जो नाम है, उसका अर्थ है आपका अच्छा गांव। बस्तर के पूरे विकास के लिए काम हो रहे हैं। बस्तर में कैंप के माध्यम से जो काम हो रहे हैं, उसके कारण मुख्यमंत्री के पास कैंप खोलने की लगातार मांग आ रही है। सबको मालूम है, जैसे ही कैंप खुलेगा, बिजली आ जाएगी, विकास के और काम होने लगेंगे। इस योजना में 29 तरह के विकास कार्य होते हैं।

▸▸ नक्सली हमलों में जिन लोगों ने अपना परिवार खोया है, क्या उनकी चिंता भी आपकी सरकार कर रही है?

▸▸ जो भी पीड़ित हैं, उनके बारे में सरकार सोच रही है और इस पर भी काम हो रहा है। एक एनजीओ भी वहां पर काम कर रहा है। जो लोग पीड़ित हैं, उनका पूरा डाटा भी एनजीओ बना रहा है। लोग वहां जाकर पंजीयन करा रहे हैं। सरकार की तरफ से भी काम हो रहा है।

▸▸ जिनको बस्तर भेजा जाता है, उनके बारे में यह धारणा है कि उन अधिकारियों को नाराजगी के कारण भेजा जाता है, अब क्या स्थिति है?

▸▸ बस्तर के लिए बहुत-सी योजनाएं हैं, अब उनको वहां भेजा जा रहा है, जो योग्य हैं और उन योजनाओं के लायक हैं। अधिकारियों से बात करके उनको भेजा जा रहा है।

▸▸ बस्तर में दूसरी पार्टी के विधायक सहयोग कर रहे हैं या परेशान कर रहे हैं?

▸▸ उनको बस्तर का दर्द पता है, इसलिए मैं सोचता हूं, वो सब साथ में हैं। जब विधानसभा में नियद नेल्लानार योजना की घोषणा मुख्यमंत्री ने की तो कवासी लखमा ने सबसे पहले इसे सराहा। बस्तर और रायपुर में एक-एक कार्यक्रम हुआ था। बस्तर के कार्यक्रम के दौरान केदार कश्यप और रायपुर के कार्यक्रम में महेश गागड़ा रो पड़े थे। कहने का मतलब यह है कि बस्तर के जो भी नेता हैं, उनको नक्सलवाद के दर्द का अहसास है, फिर चाहे वह भाजपा का नेता हों या फिर विपक्ष के नेता।

▸▸ विजय शर्मा अपनी सुरक्षा को लेकर कितने चिंतित हैं, परिवार वाले कितने परेशान हैं?

▸▸ परिवार वाले जरूर परेशान होते हैं, मुझे तो कुछ नहीं लगता है। मुझे अभी नहीं लगता कि कितनी चुनौती है, ये तो बाद में पता चलता है।

▸▸ अमित शाह के तीन साल में नक्सलवाद समाप्त करने वाले बयान से कितना दबाव है?

▸▸ जो समयसीमा की बात कही है अमित शाहजी ने, उससे दबाव नहीं, बल्कि मुझमें बहुत उत्साह है। सरकार को भी उत्साह है। यह बात समझ आई है कि इतने दिनों में यह करना है। ऐसा होगा इसका भरोसा है। हम लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे और बस्तर का दुख समाप्त हो जाएगा।

**मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में बड़ी ताकत**

▸▸ मन बदलने का कारण क्या है, क्या एक आदिवासी मुख्यमंत्री बनने के कारण ऐसा हो रहा है?

▸▸ विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बड़ी ताकत है। उनकी सादगी में बड़ा दम है। यह प्रभाव तो है। नक्सलियों ने जो आंडबर फैलाया, वह जाकर आज ध्वस्त दिख रहा है। बंदूक की नली से क्या अस्पताल निकालेंगे, क्या स्कूल निकालेंगे? कोई तो मुझे बता दे, आप चाहते हैं, एक 25 साल का बस्तर का लड़का रायपुर लाया जाता है, जो यहां पर वह कहता है, मैंने टीवी पहली बार देखा है। यह सोचने वाली बात है कि बस्तर को ये किस दिशा में ले गए हैं। गांव के विकास के रास्ते पर आईईडी बिछा दें, क्या ऐसा होना चाहिए। आईईडी किसी को नहीं पहचानता।

### बस्तर के कई ....

दोपहर 3 बजे अचानक एनएमडीसी 11बी के डेम और रामा बूटी 11बी का पानी आने से बंगाली कैंप, गाडर पुलिया, मलप्पा कैंप के कई घरों में पानी और एनएमडीसी की फाईनोर में घुस गया। पानी के तेज बहाव के कारण घरों के दीवार टूट गए, कई कच्चे घर, कार, स्कूटी मोटरसाइकिल जो भी पानी के रास्ते में आया सभी को पानी बहाकर ले गया। वहीं गरियाबंद जिले के मैनपुर और कोपरा में कहर बरसाया है। कोपरा के रवेली गांव का रसगी नाला उफान पर है, जिसके चलते आवागमन बाधित हुआ है। वहीं मैनपुर देवभोग के बेलाट नदी में बाढ़ के कारण 36 ग्रामों का संपर्क टूट गया है।

गोदावरी शबरी के उफान पर होने से सीमावर्ती चार राज्य तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओड़िशा के सीमावर्ती जिलों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं, जिसके चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है। इन तटीय क्षेत्रों में गोदावरी के बैक वाटर से सुकमा जिला के बार्डर स्थित कोण्टा नगर सहित आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओड़िशा के कई वनांचल गांवों में ऊपरी स्तर के बाढ़ के पानी से जनजीवन प्रभावित होती रही हैं। जिसको लेकर प्रशासन हर संभव मदद की कोशिश में लगी है।

**इंद्रावती का जल स्तर लगातार बढ़ रहा :** इंद्रावती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है, जो डेंजर जोन से 1 मीटर नीचे तक पहुंच गया हैं। भैरमगढ़ और भोपालपटनम तहसील क्षेत्र में कुछ कच्चे मकान बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वहीं सर्पदंश से एक मवेशी की मौत हो गई हैं। भोपालपटनम के तहसीलदार सूर्यकांत धरत ने बताया कि बारिश के चलते तेलंगाना का रास्ता बंद हो गया हैं। इस मार्ग पर आवाजाही बन्द हो गई है। टेकुलगुडम नाला भर जाने से बीते रात से यह बन्द हो गया था। वहीं, सुबह रामपुरम के पास मुख्य मार्ग पर करीब 4 फिट पानी भरने से यह भी बंद हो गया हैं। भोपालपटनम में दो मकानों पर सूखा पेड़ गिर जाने से वह क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं, वरदल्ली में एक मवेशी की सर्पदंश से मौत हो गई है। तालपेरु नदी में कल शाम तक पानी पुल के ऊपर से बह रहा था।

**तोड़ना पड़ा दरवाजा :** लौह नगरी किरंदुल के वार्ड क्रमांक 4 की पालन राय के घर में पीछे से दीवार तोड़ कर पानी घुस गया। परिजनों ने घर का दरवाजा तोड़ कर सुरक्षित बाहर निकले। पानी के तेज बहाव में दो बच्चे बह गए थे, जिन्हें मुश्किल से ढूंढकर निकाल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस तरह का भयानक मंजर पहली बार देखने को मिला। जहां हजारों गरीब परिवारों का लाखों का नुकसान हो गया है।

**लोगों ने किया चक्काजाम :** किरंदुल में देर शाम डेम के पानी से प्रभावित जिन घरों में नुकसान हुआ है, उन लोगों ने चक्काजाम कर दिया। इन लोगों का कहना था कि एनएमडीसी के जीएम से मिलकर अपनी बात रखेंगे, लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने केवल 10 लोगों को जीएम से मिलने की बात कही है। इसे लेकर लोगों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

**जिला प्रशासन के साथ सीआरपीएफ कर रही मदद :** राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित होने के कारण जाम में फंसे यात्रियों को जिला प्रशासन सहित सीआरपीएफ द्वारा नाश्ता भोजन की व्यवस्था कराई जा रही है। कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेते हुए, चिन्हांकित राहत शिविर स्थलों में पर्याप्त पेयजल, भोजन और बिजली इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित को कहा है। साथ ही राजस्व, पुलिस, नगर सेना, जनपद पंचायत के मैदानी अमलों को सतर्क रहने और बाढ़ नियंत्रण कक्ष में नियमित रूप से अमलों की तैनाती रखने के निर्देश दिए हैं।

**यात्री बसें फंसी बाढ़ में :** भोपालपटनम में तारलागुड़ा रोड रामपुरम कैम्प के पास इंद्रावती का बैक वाटर हाईवे पर चढ़ने से शनिवार रात से रास्ता जाम हो गया। हैदराबाद से आने-जाने वाले यात्री बसें बाढ़ में फंस गई हैं, जिसके चलते सैंकड़ों यात्री परेशान हैं। नदी नाले उफान की वजह से कई गांवों का संपर्क ब्लॉक मुख्यालय से टूट चुका हैं। रामपुरम के आलावा छत्तीसगढ़ बार्डर का ताड़पेरू नाला भी उफान पर हैं। नेशनल हाइवे 163 के दोनों जगह रामपुरम व तारपेरू में बाढ़ की स्थिति हैं। इधर इंद्रावती नदी भी पूरे शबाब पर बह रही हैं। चिंतावागु एवं इंद्रावती नदी के बाढ़ का पानी नेशनल हाईवे 163 में आने के कारण रास्ता जाम हो गया है। भोपालपटनम से हैदराबाद मार्ग बंद होने के कारण दोनों ओर यात्री बसें खड़ी है।

**नगर सेना की टीम मौजूद :** कोण्टा ब्लॉक मुख्यालय से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के तकरीबन आधे दर्जन बाधित मार्ग स्थलों के लिए सुकमा नगर सेना की टीम को मुस्तैद रखने की व्यवस्था के साथ हर इमरजेंसी के लिए तैयार रखा गया है। जो कि बाधित राज मार्ग से गुजरने वाले जरूरी एवं अति जरूरी को ध्यान देते हुए उन्हें सुविधाएं प्रदान, आला अधिकारियों के मार्ग-दर्शन पर कर रहें हैं।

### कच्चे मकान गिरे....

बताया कि भैरमगढ़ नगर में बारिश के चलते करीब 8 से 10 कच्चे मकान गिर गए हैं। पटवारियों से प्रकरण तैयार करने को कहा गया हैं। गंगालुर के नायब तहसीलदार लोकेश ठाकुर ने बताया कि धनोरा से बोरजे को जोड़ने वाले पुलिया में सुबह तक पानी था। वहीं चेरपाल व पोंजेर में पानी पुल से नीचे बह रहे थे।

### नाले में पलटी ....

थानेश साहू ग्रामीण चिकित्सा सहायक के पद पर कटेकल्याण में पदस्थ था, जो छुट्टी पर अपने घर नई कार से घर जा रहा था।

मृतक बीते शनिवार की देर शाम धमतरी से अपनी नई कार सीजी 07 सीटी 1131 की सर्विसिंग कराकर वापस लौट रहा था, तभी तेज बारिश के कारण उसे सड़क कम दिखाई देने लगी और कार रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले में पलट गई। वहीं सड़क किनारे नाले में पानी का भराव ज्यादा होने कारण मृतक कार से बाहर नहीं निकल पाया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### तीन दिन में ...

15 प्रतिशत का अंतर है। अभी बीजापुर सामान्य से 73 और सुकमा 41 प्रतिशत अधिक वर्षा के साथ एक्सेस की श्रेणी में शामिल हो गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक चिन्हित अवदाब का क्षेत्र पश्चिमी विक्षोभ की वजह से अपना पूरा असर भले ही नहीं दिखा पाया हो मगर इससे होने वाली बारिश कई जिलों के लिए राहत लेकर आया है। पिछले चौबीस घंटे में बालोद, बीजापुर, दंतेवाड़ा, राजनांदगांव जिले के विभिन्न शहरों में भारी बारिश हुई है। रायपुर में भी इसका असर काफी रहा है और देर रात से शुरू हुए बारिश का दौर रविवार को दिनभर नजर आया। छाए बादल और वर्षा की गतिविधि के कारण अधिकतम तापमान में भी गिरावट हुई।

**नया सिस्टम नहीं मगर दौर जारी :** मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में अभी नया सिस्टम तो तैयार नहीं हुआ है मगर मानसून द्रोणिका के सामान्य स्थिति में होने की वजह से तीन से चार दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना बनी हुई है। सोमवार को बिलासपुर और दुर्ग संभाग के पूर्वी मध्यप्रदेश तथा विदर्भ से लगे क्षेत्रों में भारी बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

### उत्तरी हिस्से में ....

बारिश मध्यम स्थिति में है। प्रदेश के उत्तरी इलाके जिसमें सरगुजा संभाग के जिले शामिल है वहां अभी सूखे सी स्थिति है। वहां अभी बारिश का प्रभाव देखने को नहीं मिला है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शहीद दिवस पर टीएमसी ने की बंगाल में बड़ी रैली

# ममता के मंच से गरजे अखिलेश जल्द गिर जाएगी एनडीए सरकार

एजेंसी ▸▸ कोलकाता



प. बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की शहीद दिवस पर रैली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसकी 38 फीसदी महिलाएं सांसद हैं। चुनाव से पहले भाजपा ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का दावा किया था, लेकिन ऐसा नहीं कर सके। धर्मतला में हुई रैली में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार जल्द ही गिर जाएगी। ममता बनर्जी ने कहा कि अखिलेश यादव मेरे निमंत्रण पर कार्यक्रम में शामिल होने आए। मैं चाहती हूं कि पूरे देश के साथ बंगाल के रिश्ते बेहतर हों। यूपी में अखिलेश यादव ने जो खेल दिखाया, उसके बाद भाजपा को इस्तीफा दे देना चाहिए था। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भारत को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की साजिश रचने वाली ताकतों को अस्थायी सफलता मिल सकती है, लेकिन अंततः उनकी पराजय होगी। केंद्र में भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी, यह जल्द ही गिर जाएगी।

### बंगाल को बदनाम कर रही भाजपाः अभिषेक

रैली में टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी रैली में पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बंगाल के सभी फंड रोक दिए हैं। भाजपा बंगाल को बदनाम कर रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फर्जी कहानी बनाकर संदेशखली को हथियार बनाकर बंगाल को बदनाम करने की साजिश की। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भाजपा अबकी बार 400 पार का नारा दिया, लेकिन 240 पर रुक गए। टीएमसी के खिलाफ ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया मगर जीत नहीं मिली। पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि 21 जुलाई 2022 को ईडी ने पार्थ चटर्जी के घर छापा मारा और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। हम गलती करने वाले किसी व्यक्ति को नहीं बचाते। हम अन्याय करने की अनुमति भी नहीं देते हैं। अगर एसएससी-टीईटी घोटाले में पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया जा सकता है, नीट घोटाले में धर्मेंद्र प्रधान को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? यह भेदभाव क्यों किया जा रहा है?

### इसलिए हो रही रैली

21 जुलाई 1993 को ममता बनर्जी के नेतृत्व में राइटर्स अभियान के दौरान 13 लोगों की जान चली गई थी। उस दौरान ममता बनर्जी युवा कांग्रेस अध्यक्ष थीं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के गठन के बाद ममता बनर्जी हर साल 21 जुलाई को शहीद दिवस के रूप में मनाती रही हैं।

## पेज एक के शेष

### छिंदक नागवंशी ...

संभाग के सबसे बड़े भानसागर जलाशय और इस शिवालय का निर्माण छिंदक नागवंशी राजाओं ने करवाया था। लोकमान्यता है कि यहां पहुंचने वालों की निःसंतानों की मनोकामना भोलेनाथ अवश्य पूरी करते हैं। वहीं इच्छा पूरी होने पर भक्त यहां त्रिशूल व धातु निर्मित नाग अर्पित करते हैं।

### सांपों का बसेरा ...

नाम से है। बताते हैं कि प्राचीन काल में इस मंदिर के आसपास नागों का बसेरा था, जिसके कारण महादेव लंबे समय तक एकांतवास में थे। फिर धीरे-धीरे लोग आस्था और श्रद्धा के साथ पूजा पाठ के लिए आने लगे। स्थानीय निवासी गोमती चौबे ने बताया कि वे पिछले 25 साल से मकेश्वर महादेव की सेवा में जुटी हैं।

### बृजमोहन की ...

विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को जगह दी गई है। लक्ष्मी राजवाड़े की जगह विधायक प्रबोध मिंज बैठेंगे। मानसून सत्र के लिए बनी बैठक व्यवस्था में तीन परिवर्तन किए गए हैं। हरिभूमि ने सबसे पहले यह संभावना जताई थी कि मंत्री केदार कश्यप को नया प्रभार मिलने के बाद बैठक व्यवस्था में परिवर्तन होगा। उन्हें प्रथम पंक्ति में स्थान दिया जाएगा। सत्र के दौरान सोमवार को सदन में यह व्यवस्था दिखेगी। सदन में संसदीय कार्यमंत्री के रूप में सरकार का बचाव करने की मुद्रा में केदार कश्यप और रामविचार नेताम की प्रमुख भूमिका होगी। वहीं तीसरी पंक्ति में वरिष्ठ विधायक सरकार के पक्ष को मजबूती से रखने की पूरी तरह से तैयार रहते हैं। बैठक व्यवस्था में अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के सामने की पंक्ति में वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक, पुन्नूलाल मोहले, धर्मजीत सिंह और अजय चंद्राकर होंगे। अमर अग्रवाल और भैयालाल राजवाड़े को भी यहां पर जगह दी गई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में 90 सदस्यों के सदन में भाजपा के 54, कांग्रेस के 35 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के एक सदस्य हैं।

### ऐसी होगी...

है। विपक्ष में कवासी लखमा, अनिला भेंडिया, उमेश पटेल सामने की पंक्ति में हैं। वहीं दूसरी पंक्ति में दलेश्वर साहू, लखेश्वर बघेल, लालजीत सिंह राठिया, द्वारिकाधीश यादव भी शामिल हैं।

### मंत्री और वरिष्ठ ...

में वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक, पुन्नूलाल मोहले, धर्मजीत सिंह और अजय चंद्राकर होंगे। वहीं अमर अग्रवाल और भैयालाल राजवाड़े को भी यहां पर जगह दी गई है।

### पहले दिन पेश होगा...

अनुपूरक अनुमान पेश करेंगे। विधानसभा के पांच दिवसीय मानसून सत्र के लिए 966 सवाल विधायकों ने लगाए हैं। सत्र के दौरान विपक्ष की ओर से स्थगन और ध्यानाकर्षण सूचना लगाई गई है।

### कांग्रेस ने मांगा ...

संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक जिम्मेदारी है।

### बनोरा अघोर...

नीम का पौधा रोपा तथा पूर्व विधायक विजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी पौधे लगाए गए। आध्यात्मिक मूल्यों एवं संस्कारों की पाठशाला के रूप में अघोर गुरुपीठ ब्रह्मनिष्ठालय बनोरा का नाम विख्यात है। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, कलेक्टर कार्तिकेय गोयल सहित नागरिक उपस्थित थे।

### ऐसी गड़बड़ी...

रूप से परिणाम जुटाए गए। इसके बाद जो जानकारी सामने आई, वो चौंकाने वाली है। बारहवीं कक्षा की मेरिट लिस्ट में जगह बनाने वाली छात्रा अपनी ही कक्षा में टॉप नहीं कर सकी है। अन्य तथाकथित मेधावियों के परीक्षा परिणामों में भी बड़े बदलाव हुए हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडलम के रिजल्ट में गड़बड़ी उजागर होने के बाद हुई रिचेकिंग की गई। हरिभूमि ने ही इस गड़बड़ी का खुलासा किया था। दोबारा जारी किए गए परिणाम में आश्चर्यजनक बदलाव हुआ है। कई छात्रों को पूर्व प्राप्त अंक से सात से दस प्रतिशत तक अंक कम मिले हैं। अबकी बार जारी किए गए परिणामों में मेरिट सूची नहीं निकाली गई है। जो अंक मिले हैं उसे ही प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण और अनुत्तीर्ण दर्शाया गया है।

### एक स्कूल से थे...

प्रतिशत अंक मिले थे। पुनः मूल्यांकन के बाद यामिनी भगत और रीना पैकरा के अंक कम हुए हैं। दोनों को 78.14 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। वहीं पीतांबर पैकरा को 78.74 प्रतिशत अंक मिले हैं।

### प्रदेश की टॉपर...

मिले हैं। बताया जाता है कि मालती को पहले 75 प्रतिशत अंक मिले थे, इसमें अब बढ़ोतरी हुई है।

# सनातन धर्म को युग धर्म में प्रतिष्ठापित करने का पर्व है गुरु पूर्णिमा : स्वामी रामदेव

**पतंजलि योगपीठ में आस्था व भक्ति के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न**



**हरिद्वार।** गुरु-शिष्य की पवित्र परम्परा का प्रतीक 'गुरु पूर्णिमा' पर्व पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव जी महाराज व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के सान्निध्य में पतंजलि वैलनेस, योगपीठ-2 स्थित योगभवन ऑडिटोरियम में मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारत की गुरु परम्परा, ऋषि परम्परा, वेद परम्परा व सनातन परम्परा का बहुत ही गौरवपूर्ण व पूर्णता प्रदान करने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग कारणों से पूरी दुनिया में इस्लाम, इसाईयत, कम्यूनिज्म, कैपिटलिज्म और अलग-अलग प्रकार के वैचारिक उन्माद भौतिकवाद, इंटिलेक्चुअल टैरिरिज्म, रिलिजियस टैरिरिज्म, पॉलिटिकल, इकॉनोमिकल टैरेरिज्म, मेडिकल टैरेरिज्म, एजुकेशनल टैरेरिज्म सब एक्सपोज हो चुके हैं। ऐसे में सबकी दृष्टि भारत की ओर है कि भारत से पूरी दुनिया को शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में पारिवारिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक जीवन में नई दिशा मिलेगी। यह दिशा देने का कार्य भारत गुरु देश के रूप में करता रहा है, इसीलिए भारत विश्वगुरु रहा है।

### अच्छे व सच्चे बनें

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का यह पर्व हम सबके जीवन में सात्विकता व पवित्रता लेकर आए। हम अपने पूर्वजों के जीवन के आधार पर जीवन जीने का संकल्प लें। जीवन में हम अच्छे व सच्चे बनना चाहते हैं तो इसके लिए सफल, सक्षम महापुरुष के सान्निध्य की आवश्यकता होती है। सिखाने व ज्ञान देने वाले को ही हमारे शास्त्रों में गुरु कहा गया है। सब गुरुजनों को भी इस दिवस पर प्रणाम। अपने जीवन में किसी ऐसे आदर्श गुरु, महापुरुष का आश्रय व आलम्बन लें जिससे जीवन के अनसुलझे पहलु सुलझ जाएँ।

## कांवड़ यात्रा पर सरकार के आदेश का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

# नेम प्लेट विवाद, मंत्री बोले-क्या कुर्ते में नाम लिखवा लें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली


यूपी में सीएम योगी की कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ रूट पर मौजूद दुकानों पर नेम प्लेट लगाने के आदेश को लेकर घमासान मच गया है। एक तरफ विपक्ष इस आदेश के खिलाफ खड़ा है और विरोध जता रहा है, वहीं दूसरी तरफ अब एक एनजीओ ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी है। इधर, एनडीए में शामिल आरएलडी के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने नेमप्लेट वाले फैसले को लेकर रविवार को अपना विरोध जताया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि क्या अब कुर्ते पर भी नाम लिखवा लें? एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स नाम के एनजीओ ने नेम प्लेट को लेकर जारी आदेश के खिलाफ अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। एनजीओ ने यह याचिका 20 जुलाई की सुबह 6 बजे ऑनलाइन दाखिल की, जिसके बाद अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर 22 जुलाई को सुनवाई करेगा। इस मामले पर जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच सुनवाई करेगी। उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश की आलोचना की, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों के मालिकों से कहा गया है कि वे अपनी दुकानों पर अपने नाम प्रदर्शित करें। एनडीए में शामिल आरएलडी के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने नेमप्लेट वाले फैसले को लेकर रविवार को अपना विरोध जताया।



### इसलिए मचा बवाल

उत्तर प्रदेश में पहले मुजफ्फरनगर के डीआईजी ने कांवड़ रूट पर मौजूद दुकानों को नेम प्लेट लगाने का आदेश दिया। इसके बाद न सिर्फ पूरे राज्य में बल्कि पूरे देश में इस पर चर्चा शुरू हो गई। विपक्ष ने इस मामले पर हमला बोलना शुरू कर दिया। योगी सरकार ने गुरुवार को आदेश जारी किया और कहा कि पूरे यूपी में कांवड़ रूट पर मौजूद ढाबे, होटल और रेहड़ी वालों को मालिक का नाम लिखना होगा।

## शब्द पहेली - 5579



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

**शब्द पहेली- 5578 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |

## सूडोकु नवताल - 5590

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE


■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5589 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## खबर संक्षेप

### बाजार पूंजीकरण में टीसीएस व एलआईसी रही सबसे आगे



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2,10,330.26 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एलआईसी रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 85.31 अंक या 0.10 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### लेखा परीक्षा में अब एआई का उपयोग शुरू : कैग



**नई दिल्ली।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीश चंद्र मुर्मू ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) का वक्त आ चुका है और सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थान (एसएआई) सार्वजनिक व्यय की गुणवत्ता में सुधार के लिए नयी प्रौद्योगिकियों का लाभ उठा रहा है। मुर्मू ने कहा, 'जैसे-जैसे यह विकसित होगा, हम भी उसी के अनुसार खुद को विकसित करेंगे।

### बीपीसीएल का पहली तिमाही में लाभ 73 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. ने कहा कि उसका शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 73 प्रतिशत घट गया। ईंधन की कीमतों में कमी के चलते विपणन मार्जिन कम रहने से उसका मुनाफा घटा। शुद्ध लाभ 2,841.55 करोड़ रुपये था, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10,644.30 करोड़ रुपये था।

### गोदरेज भारत का पांचवां सबसे बड़ा विज्ञापनदाता

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. का घरेलू बाजार में विज्ञापनों पर खर्च पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 47 प्रतिशत बढ़कर 1,011 करोड़ रुपये रहा है। हालांकि, कंपनी ने युक्तिकरण प्रक्रिया के जरिये स्टॉक भंडारण इकाई (एसकेयू) पर निवेश लगभग 30 प्रतिशत कम किया है।

### आईओसी 2047 तक बनेगी 1000 अरब डॉलर की कंपनी



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन 2047 तक राजस्व के लिहाज से 1,000 अरब डॉलर की कंपनी बनने का लक्ष्य लेकर चल रही है। ईंधन विपणन कारोबार के साथ स्वच्छ ऊर्जा, मसलन हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग के जरिये यह लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# देश की अर्थव्यवस्था पर असर डालने लगा है एफएंडओ, चेयरपर्सन ने जताई चिंता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- बढ़ते निवेशक से सेबी समीक्षा करने के लिए हुआ बाध्य

डेरिवेटिव सेगमेंट यानी फ्यूचर एंड ऑप्शंस के प्रति लोगों के बीच बढ़ते आकर्षण से बाजार नियामक सेबी की चिंताएं बढ़ी हुई हैं। नियामक की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने एक बार फिर से इसके बढ़ते ट्रेंड पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अब यह व्यापक मुद्दा बन गया है और अब इसकी समीक्षा करने की जरूरत है।

सेबी चेयरपर्सन एसबीआई म्यूचुअल फंड के एक कार्यक्रम में हिस्सा ले रही थीं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कहा- पहले यह एक इन्वेस्टर के स्तर का छोटा मसला (माइक्रो इश्यू) था, लेकिन अब अर्थव्यवस्था के स्तर का बड़ा मसला (मैक्रो इश्यू) बन गया है। यही कारण है कि हम समीक्षा करने के लिए बाध्य महसूस हो रहे हैं।

## सेबी चेयरपर्सन बुच ने बढ़ते ट्रेड पर फिर चिंता जाहिर की

### घाटा उठाते हैं 10 में 9 निवेशक

सेबी चेयरपर्सन की यह चिंता अनायास नहीं है। पिछले कुछ समय में एफएंडओर सेगमेंट में खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ी है। फ्यूचर एंड ऑप्शंस सेगमेंट को काफी जोखिम भरा माना जाता है। सेबी के आंकड़े बताते हैं कि एफएंडओ सेगमेंट में हर 10 में से 9 खुदरा निवेशक घाटा ही उठाते हैं। यही कारण है कि एक्सपर्ट निवेशकों को डेरिवेटिव सेगमेंट से दूर ही रहने की सलाह देते हैं।





### युवा उठा रहे हैं सबसे ज्यादा नुकसान

बकौल सेबी प्रमुख, फ्यूचर एंड ऑप्शंस सेगमेंट पूरी तरह से स्पेकुलेशन पर आधारित है। लोगों को जिस पैसे का इस्तेमाल पूंजी बनाने के लिए करना चाहिए, वह स्पेकुलेशन पर आधारित फ्यूचर एंड ऑप्शंस में घुस रहा है। युवा इस तरह के ट्रेड में भारी स्तर पर पैसे डूबा रहे हैं। उन्होंने इस बात के साफ संकेत दिए कि आने वाले दिनों में सेबी ऐसे ट्रेड से निवेशकों को दूर करने के लिए अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकता है।

### वित्त मंत्री भी जता चुकी हैं चिंता

सेबी इससे पहले भी कई बार फ्यूचर एंड ऑप्शंस ट्रेडिंग पर चिंता जाहिर कर चुका है। बाजार नियामक एफएंडओ सेगमेंट के प्रति आकर्षण को कम करने के लिए समय-समय पर विभिन्न उपाय भी करते रहता है। अभी तक सेबी के प्रयास मुख्य रूप से निवेशकों को जागरूक व शिक्षित बनाकर सतर्क करने का रहा है। फ्यूचर एंड ऑप्शंस में निवेशकों की बढ़ती भागीदारी पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी चिंता जाहिर कर चुकी हैं।

## नई पेंशन प्रणाली पर हो सकती है कुछ घोषणा

# बजट में एनपीएस, आयुष्मान भारत पर हो सकती हैं कुछ घोषणाएं : अर्थशास्त्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस सप्ताह पेश होने वाले आम बजट में नई पेंशन प्रणाली और आयुष्मान भारत जैसी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को लेकर कुछ घोषणाएं हो सकती है।

हालांकि, आयकर के मामले में राहत की उम्मीद कम है। उनका यह भी कहना है कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर, ग्रामीण और कृषि संबंधी आवंटन बढ़ने और सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाये जाने की संभावना है।

### 23 जुलाई को होगा बजट पेश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 के लिए लगातार सातवीं बार और नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट मंगलवार यानी 23 जुलाई को लोकसभा में पेश करेंगीं।

### सामाजिक सुरक्षा पर होगा ध्यान

बजट में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लेकर उम्मीद के बारे में पूछे जाने पर जाने-माने अर्थशास्त्री और राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) में प्रोफेसर एन आर भानुमूर्ति ने कहा, बजट में एनपीएस और आयुष्मान भारत पर कुछ घोषणाओं की उम्मीद है।

### आयुष्मान भारत पर हो सकती है घोषणा

पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर काफी चर्चा हुई है। केंद्र सरकार ने एनपीएस (नई पेंशन प्रणाली) को लेकर समिति भी गठित की थी। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत के बारे में कुछ बातें कही हैं। ऐसे में दोनों योजनाओं में कुछ घोषणाओं की उम्मीद की जा सकती है।

### वरिष्ठ नागरिकों को मिल सकती है मुफ्त चिकित्सा

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए कहा था कि 70 साल से ऊपर के सभी नागरिकों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा।

### सरकार का ध्यान लोगों के बेहतर जीवन पर है

भानुमूर्ति ने यह भी कहा था कि पार्टी का ध्यान निवेश के जरिये लोगों के मान-सम्मान और बेहतर जीवन तथा रोजगार सुनिश्चित करने पर है। एनपीएस और आयुष्मान भारत के बारे में अर्थशास्त्री और शोध संस्थान आरआईएस (विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली) के महानिदेशक सचिन चतुर्वेदी ने कहा, यह काफी महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

### कर मोर्चे पर राहत संभव नहीं



लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने के बीच बजट में कर मोर्चे पर राहत के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति कहा, "मुझे नहीं लगता कि चुनाव नतीजों का प्रत्यक्ष कर नीति पर असर पड़ेगा। चूंकि निजी खपत चिंता का विषय है, ऐसे में जीएसटी परिषद को अपनी दरों को कम करने पर विचार करना चाहिए, खासकर तब जब कर संग्रह रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है।"




### स्वास्थ्य क्षेत्र में बीमा योजना पर मिल सकता है कुछ

इस संबंध में एनआईपीएफपी में प्रोफेसर लेखा चक्रवर्ती ने कहा, 'महामारी के बाद की राजकोषीय रणनीति में सामाजिक सुरक्षा योजनाएं महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, स्वास्थ्य क्षेत्र में बीमा योजनाएं इस प्रणाली को और अधिक महंगा बनाती हैं। बीमा योजनाओं के बजाय हमें मजबूत स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य कर्मियों की आवश्यकता है।'

# वेदांता के क्यूआईपी में गोल्डमैन व मॉर्गन स्टेनली बड़े निवेशक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- कंपनी ने एक अरब डॉलर से अधिक जुटाए
- 19 जुलाई को बंद हुआ कंपनी का निर्गम

खनन समूह वेदांता लिमिटेड ने 440 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 19.31 करोड़ इक्विटी शेयरों के पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए 8,500 करोड़ रुपये (1 अरब डॉलर से अधिक) जुटाए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 19 जुलाई को बंद हुए इस निर्गम में 461.26 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर 4.61 प्रतिशत की छूट दी गई थी। वेदांता ने कहा कि उसने 19.31 करोड़ शेयर बेचकर 8,500 करोड़ रुपये जुटाए।

क्यूआईपी के माध्यम से जिन प्रमुख निवेशकों को इक्विटी शेयर आवंटित किए गए हैं उनमें अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए), गोल्डमैन सैश एएमसी, निप्पॉन म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड, यूटीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई म्यूचुअल फंड, आदित्य बिड़ला म्यूचुअल फंड और मिराए म्यूचुअल फंड शामिल हैं। निप्पॉन म्यूचुअल फंड द्वारा संचालित विभिन्न कोष को कुल निर्गम आकार का 9.11 प्रतिशत आवंटित किया गया, जबकि मॉर्गन स्टेनली और एसबीआई म्यूचुअल फंड द्वारा प्रबंधित कोषों को क्रमशः 8.62 प्रतिशत और 7.88 प्रतिशत प्राप्त हुआ।

### 461 रुपए प्रतिशेयर था मूल्य

क्यूआईपी में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई), म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों और अन्य निवेशकों की ओर से उल्लेखनीय रुचि देखी गई। वेदांता की निदेशक समिति ने इस निर्गम के लिए 461.26 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य के साथ 15 जुलाई, 2024 को क्यूआईपी खोलने की अनुमति दी।

# आम बजट और कंपनी परिणाम से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

- वैश्विक रुख और एफआईआई तय करेंगे बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




- डॉलर के मुकाबले रुपए का उतार-चढ़ाव है तेज

इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा आम बजट, कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां, डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव तथा ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, बाजार के लिए अगला सबसे महत्वपूर्ण कारक 23 जुलाई, 2024 को पेश होने वाला आम बजट है। बजट में वृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों के जारी रहने की उम्मीद है।

कई अन्य कारक भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगे। इनमें कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजे, घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़े और व्यापक रूप से वैश्विक बाजार का रुख शामिल है। उन्होंने कहा कि विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशकों (एफआईआई और डीआईआई) की गतिविधियां और कच्चे तेल की कीमतें बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगी। इस सप्ताह कई बड़ी कंपनियों मसलन बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, डीएलएफ, टेक महिंद्रा और नेस्ले अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "बाजार की दिशा आगामी बजट से तय होगी।' मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बाजार की आगे की दिशा के लिए आम बजट महत्वपूर्ण है।

# माइक्रोसॉफ्ट ने सेवा बहाल करने तैनात किए हजारों इंजीनियर

**नई दिल्ली।** सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने अपने साइबर सुरक्षा भागीदार क्राउडस्ट्राइक के कारण हुई पैदा हुई गड़बड़ी के बाद अपनी सेवाओं को बहाल करने के लिए सैकड़ों इंजीनियरों और विशेषज्ञों अपने ग्राहकों के साथ तैनात किया है। कंपनी ने एक ब्लॉग में यह जानकारी दी।

माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, 18 जुलाई को क्राउडस्ट्राइक के 'अपडेट' के कारण पैदा हुई दिक्कतों से दुनियाभर में 85 लाख उपकरण प्रभावित हुए थे। माइक्रोसॉफ्ट ने 20 जुलाई को ब्लॉग पोस्ट में कहा, सेवाओं को बहाल करने के लिए ग्राहकों के साथ सीधे काम करने के लिए सैकड़ों माइक्रोसॉफ्ट इंजीनियरों और विशेषज्ञों को तैनात किया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर पैदा हुई इस गड़बड़ी से कई बिक्री केंद्र प्रभावित हुए और यहां तक कि भारत में कई एयरलाइन कंपनियों की उड़ानें बंद हो गईं। इस रुकावट ने दुनियाभर में कंपनियों और प्रणालियों के परिचालन को पूरी तरह रोक दिया था। इसकी वजह से हवाई अड्डे और एयरलाइन परिचालन में व्यवधान आया।

# मारुति, ऑल्टो का वजन 100 किलोग्राम तक करेगी कम

- माइलेज 24 किलोमीटर से बढ़कर 30 किलोमीटर हो जाएगा
- जापानी बाजार में सुजुकी ऑल्टो की 9वीं जनरेशन आ गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय बाजार में मारुति सुजुकी के लिए ऑल्टो सबसे ज्यादा बिकने वाली कार है। ये देश के इतिहास में भी सबसे ज्यादा बिकने वाली कार रही है। ऑल्टो को जनरेशन के हिसाब से लगातार अपडेट किया गया है। जापानी बाजार में सुजुकी ऑल्टो की 9वीं जनरेशन है।

कंपनी ने इसका प्रोडक्शन 1979 में शुरू किया था। तब से अब तक इसमें कई चेंजेस देखने को मिले हैं। खासकर ऑल्टो ने कर्ब वेट में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। अब खबर है कि कंपनी 10वीं जनरेशन ऑल्टो का वजन करीब 100 किलोग्राम कम करने वाली है।



*8वीं जनरेशन ऑल्टो का वजन सबसे ज्यादा : सुजुकी ने जब पहली जनरेशन ऑल्टो को लांच किया था, तब उसका वजन 545 किलोग्राम था। ये 9वीं जनरेशन तक आते-आते 680 किलोग्राम हो गया। ऑल्टो की 7वीं जनरेशन का वजन सबसे ज्यादा 740 किलोग्राम था।*

### नई ऑल्टो का माइलेज 30 किमी तक होगा

वजन कम होने से न्यू ऑल्टो का माइलेज और भी बेहतर हो जाएगा। मौजूदा मारुति ऑल्टो के10 की बात करी जाए तो मैनुअल गियरबॉक्स के साथ इसका माइलेज 24.39 किमी/लीटर और एजीएस के साथ 24.90 किमी/लीटर है। वहीं, सीएनजी वैरिएंट 33.85 किमी/किलोग्राम का माइलेज देता है। 100 किलोग्राम वजन कम होने के साथ 10वीं पीढ़ी की ऑल्टो लगभग 30 किमी/लीटर का माइलेज दे सकती है। सीएनजी वैरिएंट के माइलेज का आंकड़ा बढ़कर 37-38 किमी/किलोग्राम तक जा सकता है।

### हल्के लेकिन दमदार मटेरियल का होगा यूज

कंपनी इसका वजन कम करने के लिए कार में इस्तेमाल होने वाले अलग-अलग कम्पोनेंट में वजन में हल्के मटेरियल का इस्तेमाल कर सकते हैं। जैसे कंपनी ने न्यू स्विफ्ट में नया जेड12 इंजन देकर उसके वजन को कम किया है। यह हल्का और हाई इफिसियंसी वाला इंजन है। जिसे कंपनी वैगनआर, डिजायर, बलेनो और फ्रोंक्स जैसी अन्य मारुति कारों में भी इस्तेमाल करती है। 10वीं जनरेशन ऑल्टो के लिए हार्टेक्ट प्लेटफॉर्म के इम्प्रूव्ड वर्जन का उपयोग किए जाने की संभावना है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित
Bajaj Allianz Caringly yours







अधिसूचित जिले: बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, कोरिया, सारंगगढ़-बिलाईगढ़, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, सक्ती, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी

खरीफ 2024 मौसम हेतु अधिसूचित फसलें: धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, उड़द, अरहर, मूँग, मूँगफली, सोयाबीन, कोदो, कुटकी, रागी

योजना के मुख्य बिंदु :
- कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का अधिकतम 2 प्रतिशत
- शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा किया जावेगा
- ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली से नुकसान होने पर स्थानीय आपदा अंतर्गत दावा भुगतान
- फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु बंडलो में रखी फसल को चक्रवात, बैमौसम/ चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान
- कम वर्षा या विपरीत मौसम अवस्थाओं के कारण फसल बुवाई विफलता पर दावा भुगतान
- फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त उपज आंकड़े, निर्धारित थ्रेसहोल्ड उपज से कम आने पर दावा भुगतान
- अनावरी के आंकड़े इस योजना अंतर्गत दावा भुगतान के लिए मान्य नही होंगे

योजनांतर्गत शामिल होने वाले कृषक :
- ऋणी कृषकों का बीमा ऋण दायी संस्था द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।
- गैर-ऋणी कृषक अपना बीमा बैंक शाखा/कॉपरेटिव सोसाइटी/लोक सेवा केंद्र (CSC)/पोस्ट ऑफिस/AIDE-एजेंट/फसल बीमा ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथि के अंदर फसल का बीमा करा सकते है।
- गैर-ऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज- नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि एवं फसल बुवाई संबंधित दस्तावेज।

**ऋणी कृषक:** योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन (Opt-out) आधार पर क्रियान्वित होगी। ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन (Opt-out) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिन पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
**अऋणी कृषक:** अधिसूचित इकाई में अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक ऐच्छिक तौर पर योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगें।
**ऑप्ट इन (Opt-in) विकल्प:** पूर्व में योजना से (Opt-out) ऑप्ट आउट विकल्प को चयनित किये गये वह सभी कृषक इस मौसम मे योजना का लाभ लेने हेतु बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व (Opt-in) ऑप्ट-इन फॉर्म भर कर बीमा आवरण मे शामिल हो सकते है।

योजना संबंधित अधिक जानकारी एवं अपनी शिकायत दर्ज कराने हेतु कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क करें। अब आप हमारे किसान सुविधा-बजाज आलियांज़ के व्हाट्सएप Chatbot नंबर 7030053232 पर भी अपनी फसल के नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर दे सकते है।

PMFBY अंतर्गत दावा भुगतान सफल बनाने हेतु कृपया अपने संबंधित बैंक शाखा से PFMS पोर्टल से खाता संख्या को सत्यापित करवाये अथवा आधार नंबर को सही बैंक खाता से लिंक कराये।

योजना संबंधित अधिक जानकारी के लिए फार्ममित्र ऐप डाउनलोड करें
GET IT ON Google Play
FARMITRA CARINGLY YOURS

e-samridhi
पोर्टल पर पंजीकरण के लिए QR कोड स्कैन करें।

बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि., बजाज आलियांज हाउस, एयरपोर्ट रोड, येरवडा, पुणे - 411006 । आईआरडीएआई पंजीकरण संख्या: 113 • सीआईएन: U66010PN2000PLC015329 • यूआईएन: IRDAN113CP0001V02201617 • www.bajajallianz.com • टोल फ्री नंबर: सेल्स - 1800 209 0144 / सर्विस - 1800 209 5858 • अधिक जानकारी के लिए जोखिम कारक, नियम और शर्तों को जानने के लिए कृपया विवरणिका पढ़े, यह सुनिश्चित करने से पहले । BJAZ-O-4182/28-06-2024
लोगो PMFBY, छत्तीसगढ़ शासन, Nafed, E-Samridhi, फार्ममित्र कैरिंगली योर्स एक विवरणात्मक लोगो है, जिसका उपयोग उत्पाद के उद्देश्य को प्रतिपादित करने और सरलीकृत करने के लिए किया जाता है, और यह कंपनी का व्यापार लोगो नहीं है।

# ओलंपिक : पदक पर कोई नगद पुरस्कार नहीं, भारत स्वर्ण विजेता को देता है सबसे अधिक 75 लाख रुपए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओलंपिक में पदक जीतने पर एथलीट्स को कोई नगद पुरस्कार नहीं दिया जाता है। विजेता एथलीट्स जब अपने देश पहुंचता है तो उन्हें वहां सरकार से मिलने वाली नगद राशि ही उनका ईनाम होती है। स्पांसर, राज्य सरकार, संस्थाओं को छोड़कर अगर केवल



विभिन्न देशों की केंद्र सरकारों पर नजर दौड़ाई जाए तो भारत सरकार अभी स्वर्ण पदक विजेता को रिकॉर्ड 75 लाख रुपए ऑफर कर रही है जोकि संयुक्त राज्य अमेरिका से ज्यादा है। अमेरिका जो ओलंपिक इतिहास में सबसे ज्यादा पदक लाने वाले देशों में से एक है, इस समय स्वर्ण पदक विजेता को सिर्फ 61 लाख रुपए ऑफर कर रहा है।



### बीसीसीआई ने की 8.5 करोड़ की मदद

पेरिस ओलंपिक में भारतीय एथलीट्स रिकॉर्ड तोड़ मेडल जीतने के लिए तैयार है। मगर इसी बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भी बता दिया है कि वो भी अपने एथलीट्स से मेडल की उम्मीद लगाए बैठा है। यही वजह है कि बीसीसीआई ने ओलंपिक अभियान को देखते हुए भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन को 8.5 करोड़ रुपए दिए हैं। इस बात का ऐलान खुद बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए किया है। जय शाह ने पोस्ट में लिखा- मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि बीसीसीआई पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे बेहतरीन एथलीट्स को सपोर्ट करेगा। हम इस अभियान (ओलंपिक) के लिए आईओए को 8.5 करोड़ रुपये दे रहे हैं।

### हरियाणा ने की है 6 करोड़ की घोषणा

मौजूदा समय में भारत सरकार की ओर से स्वर्ण विजेता को 75 लाख, रजत पदक विजेता को 50 लाख तो कांस्य पदक विजेता को 30 लाख ऑफर किया जा रहा है। लेकिन भारतीय एथलीट्स को निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि इससे ज्यादा राज्य सरकारें एथलीट्स को ऑफर कर रही हैं। हरियाणा सरकार स्वर्ण जीतने पर 6 करोड़ रुपए तक की ऑफर दे रही है। नीरज चोपड़ा 2020 टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड लाने पर विभिन्न संस्थाओं, राज्य सरकारों, प्रतिष्ठित उद्योगपतियों से 10 करोड़ से ज्यादा के लाभ लेने में सफल रहे थे।

### सर्बिया देगा 1.79 करोड़

पदक की चाहत में सर्बिया सरकार इस बार रिकॉर्ड बनाती हुई नजर आ रही है। उन्होंने देश से स्वर्ण पदक विजेता को रिकॉर्ड 2.15 लाख डॉलर यानी 1.79 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है जोकि ओलंपिक इतिहास में किसी एथलीट को उसके देश की सरकार की ओर से दी जाने वाली सबसे बड़ी राशि है। केवल सर्बिया ही नहीं, मलेशिया और मोरक्को भी चैंपियन को करीब 2 लाख डॉलर देने की ऑफर कर रही है।

### सहयोगी स्टाफ में नींद और पोषण चिकित्सक

पेरिस ओलंपिक के दौरान खिलाड़ियों की भलाई को प्राथमिकता देते हुए काफी अधिक सहयोगी स्टाफ उनके साथ भेजा जा रहा है। इससे 117 खिलाड़ियों के लिए कुल 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में एथलीटों के साथ रहेंगे। सभी सहायक स्टाफ सदस्य एथलीटों को समग्र समर्थन देने के लिए भेजे जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों को अच्छी नींद लेने की सलाह दी थी जिससे इस बार सहयोगी स्टाफ में पोषण विशेषज्ञ के साथ नींद चिकित्सक भी शामिल है।

## गर्व की बात! पहली बार भारत के आईटीबीपी की के9 टीम तैनात



पेरिस ओलंपिक में न सिर्फ भारतीय एथलीट की मौजूदगी होगी, बल्कि भारतीय सुरक्षा बल की एक टीम भी तैनात होगी। आईटीबीपी ने बताया है कि पेरिस ओलंपिक में सुरक्षा के लिए के9 टीम की तैनाती की गई है। आईटीबीपी की के-9 यूनिट में बेल्जियन मैलिनोइस, लैब्राडोर और अन्य लोकल ब्रीड्स के कुत्ते शामिल हैं, जो खासतौर पर विस्फोटक, गोला-बारूद और ड्रग्स का पता लगाने में माहिर हैं। आईटीबीपी ने एक एक्स पोस्ट में बताया, फ्रांस की सरकार के अनुरोध पर, हमारी खास के9 टीम को पेरिस ओलंपिक 2024 में अहम एंटी-सबोटेज ड्यूटी के लिए तैनात किया गया है। भारतीय सीएपीफ के लिए यह पहली ऐतिहासिक उपलब्धि वैश्विक सुरक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## 45 हजार पुलिस और 10 हजार सेना के जवान करेंगे सुरक्षा



एजेंसी : पेरिस

पेरिस ओलंपिक के आयोजन से जुड़े प्रमुख लोगों ने लगभग एक साल पहले आत्मविश्वास के साथ कहा था कि इन खेलों के दौरान फ्रांस की राजधानी 'दुनिया की सबसे सुरक्षित जगह' होगी। लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई है और सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए पुलिस के साथ सेना और कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद ली जा रही है। पेरिस में पुलिस दल सड़कों पर गश्त कर रहे हैं, आसमान में लड़ाकू जेट विमान उड़ रहे और सेना की टुकड़ी को इस तरह से तैयार किया गया कि वे आपात स्थिति में किसी भी खेल स्थल या खेल गांव में आधे घंटे में पहुंच जाए। उद्घाटन समारोह की मेजबानी करने वाले सीन नदी के किनारों को पहले खुला रखने की योजना थी लेकिन अब दोनों किनारों पर सुरक्षा अवरोध लगाए जा रहे हैं। यूक्रेन तथा गाजा में चल रहे युद्ध और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव के बीच फ्रांस के सामने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक दुनिया भर के लगभग 10,500 खिलाड़ियों के साथ लाखों की संख्या में यहां आने वाले प्रशंसकों की सुरक्षा की सबसे बड़ी चुनौती होगी। इन खेलों पर साइबर हमलों का भी खतरा है। पेरिस खेलों के लिए 45,000 पुलिस के साथ लगभग 10,000 सेना के जवानों को तैनात किया गया है। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से पेरिस में सबसे बड़ा सैन्य शिविर है।


### राफेल विमान तैनात

सुरक्षा को दुरुस्त करने के लिए राफेल युद्धक विमान के साथ हवाई क्षेत्र की निगरानी करने वाली एडब्लूएसीएस निगरानी उड़ानें, रीपर निगरानी ड्रोन, शार्पशूटर से लैस हेलीकॉप्टर और ड्रोन को निष्क्रिय करने वाले उपकरण पेरिस के आसमान की निगरानी करेंगे।

### सीन नदी नो फ्लाई जोन

उद्घाटन समारोह के दौरान सीन नदी के आसपास 150 किलोमीटर (93 मील) क्षेत्र को नो फ्लाई जोन करार दिया जाएगा। इसके साथ ही कृत्रिम मेधा सॉफ्टवेयर से लैस कैमरे भी किसी भी संभावित खतरे से निपटने में मदद करेंगे। इस मामले में फ्रांस को 40 से अधिक देशों से भी मदद मिल रही है, जिसने 1900 से अधिक पुलिस बल भेजे है।

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक में पदार्पण करते देखे मेरी मां

**नई दिल्ली।** जिंदगी सभी को दूसरा मौका नहीं देती लेकिन जरमनप्रीत सिंह को मिला और भारतीय हॉकी टीम के इस डिफेंडर की ख्वाहिश है कि तमाम उतार चढ़ावों में उनका संबल बनी उनकी मां कुलविंदर कौर पेरिस में उन्हें ओलंपिक में पदार्पण करते देखे। विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेल जैसे बड़े टूर्नामेंटों का हिस्सा रहे 28 वर्ष जरमनप्रीत का यह पहला ओलंपिक है और इसमें अच्छा प्रदर्शन करके वह अतीत में मिले जख्मों पर मरहम भी लगाना चाहते हैं। जरमनप्रीत को 2016 से 2018 के बीच डोपिंग मामले में दो साल का प्रतिबंध झेलना पड़ा था।

### हॉकी के प्रति बढ़ा मंदीप का जुनून

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी के फॉरवर्ड मंदीप सिंह भले ही अपने कप्तान हरमनप्रीत सिंह या पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह की तरह ख्याति नहीं हासिल कर पाए हों लेकिन जब वह मैदान पर होते हैं



तो प्रतिद्वंद्वी डिफेंडर उन्हें हल्के में लेने की गलती नहीं कर सकते। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे मंदीप (29 वर्ष) पेरिस ओलंपिक में भारत के अभियान में अहम भूमिका निभाएंगे। उनकी बहन भूपिंदरजीत कौर का कहना है कि मंदीप का हॉकी के प्रति जुनून पिछले कुछ साल में बढ़ा है और अगर वह कुछ दिनों के लिए भी राष्ट्रीय शिविर से दूर रहते हैं तो बेचैन हो जाते हैं।

### भारत के कुश ने जीती पहली एफ2 स्प्रिंट रेस

**बुडापेस्ट।** भारत के कुश मैनी ने शुरू में विजेता बने रिचर्ड वरशूर के तकनीकी उल्लघंन के कारण 'डिस्क्वालीफाई' किए जाने के बाद



शनिवार को यहां अपनी पहली फॉर्मूला 2 स्प्रिंट रेस जीत ली। पोडियम में शीर्ष पर पहुंचने से 23 वर्षीय इनविक्टा रेसिंग ड्राइवर ने अपने सत्र में 10 अंक जोड़े। शनिवार को हंगरोरिंग में जीत के साथ मैनी फॉर्मूला 2 ड्राइवर्स तालिका में मर्सिडीज के जूनियर ड्राइवर किमी एंटोनेली को पीछे छोड़ते हुए 66 अंक से पी8 पर पहुंच गए।

### नडाल नॉर्डिया ओपन के फाइनल में हारे

**बस्ताड।** दिग्गज राफेल नडाल का 'क्ले-कोर्ट' पर खेले गये नॉर्डिया ओपन में विजयी अभियान रविवार को फाइनल में नूनो बोर्गेस से 6-3, 6-2 से हारकर खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त पुर्तगाल खिलाड़ी ने स्पेन के अनुभवी खिलाड़ी की सर्विस को पांच बार तोड़कर एटीपी टूर पर अपनी पहली जीत दर्ज की। नडाल 2022 फ्रेंच ओपन के बाद पहली बार एटीपी टूर पर किसी प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे।

## महिला एशिया कप : सेमीफाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर

# भारत पहली बार 200 पार, यूएई को 78 रन से रौंदा, ऋचा-कौर की फिफ्टी

एजेंसी ▶▶ दाम्बुला

गत चैंपियन भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट मैच में अपना रिकॉर्ड स्कोर बनाकर संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से शिकस्त दी। सात बार की चैंपियन भारत लगातार दूसरी जीत से सेमीफाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर है। दो जीत से भारत ग्रुप ए में चार अंक से शीर्ष स्थान पर है जिसमें उसका नेट रन रेट +3.298 है। भारत अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप मैच में मंगलवार को नेपाल से भिड़ेगा। कप्तान हरमनप्रीत कौर (66 रन) और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (नाबाद 64) ने अर्धशतकीय पारी खेली। भारत ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहली बार 200 रन के स्कोर का आंकड़ा पार किया है।

भारत ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पांच विकेट पर 201 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जो महिला एशिया कप का रिकॉर्ड स्कोर है। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद यूएई को 20 ओवर में सात विकेट पर 123 रन पर रोक दिया। उसके लिए कप्तान ईशा ओझा (38 रन) ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन दूसरे छोर पर उन्हें सहयोग नहीं मिला। कविशा एगोडगे ने नाबाद 40 रन बनाए।




### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शेफाली का तीर्था बो समायरा | 37 | 18 | 5 | 1 |
| मंधाना का ऋणीता बो कविशा | 13 | 09 | 1 | 1 |
| हेमलता बो हीना होतचंदानी | 02 | 04 | 0 | 0 |
| हरमनप्रीत कौर रन आउट | 66 | 47 | 7 | 1 |
| जेमिमा का ऋणीता बो कविशा | 14 | 13 | 0 | 0 |
| ऋचा घोष नाबाद | 64 | 29 | 12 | 1 |
| पूजा वस्त्राकर नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 201/5
गेंदबाजी : धरनीधरका 4-0-42-1, खुशी 1-0-15-0, कविशा 4-0-36-2, हीना 4-0-40-1, वैष्णवी 3-0-28-0, इशा 2-0-26-0, इंदुजा 2-0-14-0.

| संयुक्त अरब अमीरात | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ईशा ओझा स्ट ऋचा बो कंवर | 38 | 36 | 5 | 1 |
| तीर्था का हरमनप्रीत बो रेणुका | 04 | 12 | 1 | 0 |
| ऋणीता रजीत बो वस्त्राकर | 07 | 03 | 1 | 0 |
| समायरा का कंवर बो दीप्ति | 05 | 08 | 0 | 0 |
| कविशा एगोडगे नाबाद | 40 | 32 | 3 | 1 |
| खुशी शर्मा का स्मृति बो राधा | 10 | 13 | 1 | 0 |
| हीना का शेफाली बो दीप्ति | 08 | 09 | 1 | 0 |
| ऋतिका रजीत रन आउट | 06 | 07 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 123/7
गेंदबाजी : रेणुका 4-0-30-1, तनुजा 4-0-14-1, वस्त्राकर 4-1-27-1, दीप्ति 4-0-23-2, राधा 4-0-29-1.23-4, बुमराह 2-0-10-0, कुलदीप 4-0-18-2.

### चोटिल श्रेयंका बाहर, तनुजा टीम में शामिल

युवा भारतीय स्पिनर श्रेयंका पाटिल बाएं हाथ की ऊंगली में फ्रैक्चर के कारण यहां चल रहे महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के बचे हुए मुकाबलों से बाहर हो गईं। एशियाई क्रिकेट परिषद ने एक विज्ञप्ति में कहा कि श्रेयंका की जगह तनुजा कंवर को टीम में शामिल किया गया है। 21 वर्षीय श्रेयंका को पाकिस्तान के खिलाफ भारत के शुरुआती मैच के दौरान कैच लेने के प्रयास में चोट लगी थी। श्रेयंका ने पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 3.2 ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए थे।

### हरमनप्रीत का 12वां अर्धशतक

हरमनप्रीत ने 47 गेंद की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का जड़ा। हरमनप्रीत ने इस तरह टी20 अंतरराष्ट्रीय में 12वां अर्धशतक जड़ा जो कप्तान के तौर पर उनका 11वां पचासा है। ऋचा ने 'फिनिशर' की भूमिका अच्छी तरह निभाते हुए 29 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने पारी के अंतिम ओवर में हीना होतचंदानी पर पांच चौके जमाए। ऋचा का यह टी20 में पहला अर्धशतक है। हरमनप्रीत ने दो महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई जिसमे पहले जेमिमा रोड्रिग्स के साथ 39 गेंद में 54 रन की चौथे विकेट की भागीदारी और पांचवें विकेट के लिए ऋचा के साथ 45 गेंद में 75 रन की साझेदारी शामिल रहीं।

### टेनिस में सम्मानित

## पेस और अमृतराज टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल



एजेंसी ▶▶ न्यूपोर्ट

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और विजय अमृतराज को रविवार को 'टेनिस हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। यह दोनों इस सूची में जगह पाने वाले एशिया के पहले दो खिलाड़ी बन गए हैं। पेस की करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि 1996 अटलांटा ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल कांस्य पदक जीतना रहा है। यह 51 साल का पूर्व खिलाड़ी आठ पुरुष युगल और 10 मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के साथ भारत की डेविस कप की कई यादगार जीत का हिस्सा रहा है। उन्हें 'हॉल ऑफ फेम' के 'प्लेयर कैटेगरी' में जगह दी गई है।

अमृतराज विंबलडन और अमेरिका ओपन में दो-दो बार पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। इस 70 साल के खिलाड़ी ने भारत को दो बार 1974 और 1987 में डेविस कप फाइनल में पहुंचाया है। वह अपने खेल के चरम पर एकल रैंकिंग में 18वें और युगल रैंकिंग में 23वें पायदान पर रहे हैं। उन्हें रिचर्ड इवांस के साथ 'कंट्रिब्यूटर्स श्रेणी' में 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया था।

### पेस की उपलब्धि

पेस ने युगल में विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर 37 सप्ताह बिताए और 54 युगल खिताब जीते। वह टेनिस इतिहास में दोनों युगल वर्ग में कॅरियर ग्रैंडस्लैम पर कब्जा करने वाले केवल तीन पुरुषों में से एक हैं। कोलकाता के रहने वाले पेस ने बार्सिलोना, 1992 से रियो, 2016 के बीच लगातार सात ओलंपिक खेलों में भाग लिया। यह टेनिस इतिहास का रिकॉर्ड है।

### अमृतराज डेविस कप टीम के प्रमुख खिलाड़ी

अमृतराज 1970 में एटीपी टूर पर आए थे। वह अगले कई वर्षों तक भारत की डेविस कप टीम के प्रमुख खिलाड़ी रहे। अमृतराज डेविस कप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली दो भारतीय टीमों के प्रमुख सदस्य थे। वह उस टीम का हिस्सा थे जिसने 1974 में देश की रंगभेद नीति के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नहीं खेलने का फैसला किया था। उनकी मौजूदगी में टीम 1987 में भी फाइनल में पहुंची थी लेकिन उसे स्वीडन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

## पाकिस्तान ने नेपाल को 9 विकेट से हराया

**दाम्बुला।** सलामी बल्लेबाज गुल फिरोजा के शानदार अर्धशतक और मुनीबा अली के साथ उनकी शतकीय साझेदारी की मदद से पाकिस्तान ने रविवार को यहां नेपाल को 49 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपाल की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 108 रन ही बना पाई। पाकिस्तान ने 11.5 ओवर में एक विकेट पर 110 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। फिरोजा ने 35 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 57 रन बनाए जबकि मुनीबा ने 34 गेंद पर नाबाद 46 रन बनाए।

## युकी ने जीता स्विस ओपन में पुरुष युगल का खिताब

एजेंसी ▶▶ गस्टाड

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट ने रविवार को यहां तीन सेट तक चले फाइनल में उगो हम्बर्ट और फैब्रिस मार्टिन को हराकर हुए स्विस ओपन एटीपी टूर टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। भांबरी और ओलिवेट की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस एटीपी 250 क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वियों को 3-6, 6-3, 10-6 से पराजित किया।

फाइनल मैच एक घंटे छह मिनट तक चला जिसमें दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में भांबरी और ओलिवेट की जोड़ी विजेता बनी।



बत्तीस वर्षीय भांबरी का यह तीसरा एटीपी युगल खिताब है। इस भारतीय खिलाड़ी ने ओलिवेट के साथ मिलकर दूसरा खिताब जीता। उन्होंने लॉयड हैरिस के साथ 2023 मैलोर्का चैंपियनशिप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता था। भांबरी ने ओलिवेट के साथ मिलकर इस साल अप्रैल में बीएमडब्लू ओपन का खिताब जीता था।

## भारत ने विश्व जूनियर स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ ह्यूस्टन



भारतीय लड़कों और लड़कियों ने यहां विश्व जूनियर स्क्वाश चैम्पियनशिप की टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जिसमें उनका मुकाबला क्रमशः दक्षिण कोरिया और मलेशिया से होगा जो उनसे रैंकिंग में ऊपर हैं। लड़कों ने प्रीक्वार्टर फाइनल में कनाडा को 2-0 से हराया और अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा। लड़कियों की टीम अपने अंतिम लीग मैच में हांगकांग से 1-2 से हार गई जिससे ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहने पर अब उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से होगा। निरूपमा दुबे को हेलेन टैंग से 4-11, 10-12, 2-11 से हार मिली। अनाहत सिंह ने एना क्वॉंग को 11-8, 9-11, 11-5, 11-7 से शिकस्त दी लेकिन शमीना रियाज को ह्यून लेउंग से 4-11, 9-11, 10-12 से पराजय झेलनी पड़ी।

## कोच बार्टोनिट्ज ने फिटनेस को लेकर चिंताओं को किया खारिज

# नीरज की 'एडक्टर' ठीक, अब कर रहे कड़ी ट्रेनिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा के जर्मन कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज ने उनकी फिटनेस को लेकर सभी चिंताओं को खारिज किया। पिछले कुछ महीने से इस भाला फेंक एथलीट को परेशान करने वाली जांघ (एडक्टर) की चोट अब ठीक है और यह ओलंपिक चैंपियन पेरिस के लिए कड़ी तैयारियों में जुटा है।

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में शीर्ष पोडियम स्थान के लिए एक बार फिर देश की सर्वश्रेष्ठ दावेदार हैं। ले कि न फिटनेस देखी जाए तो उनका सत्र बिल्कुल सही नहीं रहा है। बार्टोनिट्ज ने कहा, 'सब कुछ योजना के अनुसार है। फिलहाल जांघ की चोट की कोई समस्या नहीं है, यह ठीक है। उम्मीद है कि ओलंपिक तक ऐसा ही रहेगा।'




### ट्रेनिंग का स्तर बढ़ा

बार्टोनिट्ज करीब पांच साल से चोपड़ा से जुड़े हैं। उन्होंने तुर्किए के अंताल्या से एक विशेष साक्षात्कार में बताया, 'ओलंपिक में अभी दो हफ्ते से अधिक समय बचा है इसलिए ट्रेनिंग का स्तर बढ़ा दिया गया है। वह पूरा 'थ्रोइंग' सत्र कर रहे हैं।'

### दिनभर का शेड्यूल

जब बार्टोनिट्ज से चोपड़ा की ट्रेनिंग कार्यक्रम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'हम सुबह में 'स्प्रिंटिंग', 'जंपिंग' या 'थ्रोइंग' या 'वेटलिफ्टिंग' के सत्र रखते हैं। सुबह और शाम दो सत्र होते हैं जिसमें प्रत्येक दो से ढाई घंटे तक का होता है।'

### 'ब्लॉकिंग' करने वाले पैर को दे रहे मजबूती

बार्टोनिट्ज ने कहा कि चोपड़ा का तरीका टोक्यो ओलंपिक से पहले अपनाये गए तरीके जैसा ही है जिसमें वह टूर्नामेंट के बजाय ट्रेनिंग पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं और वह अपने 'ग्रोइन' पर दबाव कम करने के लिए अपनी 'ब्लॉकिंग' करने वाले पैर को मजबूती देने पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'सामान्यतः भाला फेंकना 'ब्लॉकिंग' (तेजी से भागते हुए अच्छी तरह रुककर भाला फेंकना) पर निर्भर करता है। भागते हुए आप जितनी अधिक ऊर्जा से आएंगे, उतना ही बेहतर होगा।'


झारखण्ड सरकार
सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF JHARKHAND
ॐ नमः शिवाय
राजकीय
श्रावणी
मेला
के शुभ अवसर पर महादेव की भूमि
देवघर में सभी श्रद्धालुओं का
हार्दिक स्वागत
एवं जोहार
भगवान शंकर सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करें
हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR NO - 330217 (IPRD)




# ये है जेंडर चेंज सर्जरी करने वाला देश का दूसरा शहर

**नई दिल्ली।** आकर्षक दिखने के लिए युवा सबसे ज्यादा प्लास्टिक सर्जरी करवा रहे हैं। इनमें वो युवा शामिल है, जो खासकर 17 से 22 साल के बीच की उम्र के हैं। इन युवाओं का जोर फेस लिफ्टिंग, जॉ-लाइन ठीक करवाना, लिप लिफ्टिंग पर है। 5 साल में 10 गुना तक सर्जरी बढ़ गई है। क्योंकि, इंदौर देश का दूसरा ऐसा शहर है जहां सबसे ज्यादा सर्जरी की जा रही है। इनमें जेंडर चेंज सर्जरी भी शामिल है। यहां नेपाल, भूटान, बांग्लादेश सहित अन्य देशों से लोग आ रहे हैं।



■ 5 साल में 10 गुना इजाफा, विदेश से भी आते हैं लोग

सरकार ने भी अब इसमें राहत दे दी है। सरकार ने इसे कॉस्मेटिक सर्जरी की श्रेणी से हटाते हुए आयुष्मान भारत योजना में भी इसे शामिल कर लिया है। शहर में करीब 30 प्लास्टिक सर्जन्स हैं, जो अमूमन सभी प्रोसिजर इंदौर में ही कर रहे हैं। उन्ही सर्जन्स ने बदलते युग में प्लास्टिक सर्जरी के अनुभव को साझा किया।

## विदेश से भी ट्रीटमेंट के लिए आ रहे लोग

प्लास्टिक, रिकंस्ट्रक्टिव ऐस्थेटिक सर्जन डॉ. सुमित जायसवाल का कहना है कि अब जेंडर चैंज सर्जरी का चलन बढ़ रहा है। सबसे ज्यादा सर्जरी इंदौर में हो रही है। इसलिए देश में भी इंदौर नंबर 2 है। हर महीने 30 से 35 लोग जेंडर चेंज करवाने आ रहे हैं। देश ही नहीं बल्कि बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, दुबई, यूरोपीय देशों से भी लोग इंदौर आ रहे हैं। अब तो सरकार ने भी आयुष्मान भारत योजना में इस प्रोसिजर को मंजूरी दे दी है। जिससे इन्हें खर्चे में भी राहत दे दी है। अब सेल्फी युग है। इस कारण फेस पर युवा ध्यान दे रहे हैं। फोटो एंगल के लिए जॉ-लाइन को करेक्ट करवा रहे हैं।

## बदमाश सूरज हठथेल की पुलिस कस्टडी में मौत का मामला

# दिन भर चलता रहा मान मनौव्वल का दौर, परिजन का शव लेने से इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

हत्या के प्रयास समेत कई मामलों में नामजद आरोपी रहे बुधवारी निवासी सूरज हाथटेल के दर्री क्षेत्र में पकड़े जाने के बाद उसकी पुलिस कस्टडी में शनिवार की तड़के मौत हो गई थी। इस मामले में शनिवार को परिजन ने सूरज का शव लेने से इनकार कर दिया था जिसके बाद पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी शव को लेने के लिए परिजनों की मान मनौव्वल करते रहे। आखिरकार रविवार की देर शाम तक उन्होंने शव नहीं लिया जिससे पुलिस की परेशानी बढ़ गई है।

■ प्रशासन व पुलिस के अफसर घर से लेकर अस्पताल तक रहे तैनात

उल्लेखनीय है कि बुधवारी बस्ती निवासी सूरज हठथेल आदतन बदमाश था। दर्री पुलिस ने शुक्रवार की देर रात सूरज को गिरफ्तार किया था जिसके बाद उसकी पुलिस कस्टडी में मौत हो गई थी। शनिवार को दिन भर जिला अस्पताल में परिजनों का हंगामा चलता रहा। शनिवार को ही डॉक्टरों की टीम द्वारा शव का पोस्टमार्टम करने के साथ इसकी वीडियोग्राफी कराई गई। एनएचआरसी की गाइडलाइन का ध्यान आया तो शुरुआती जांच करने वाले दर्री पुलिस थाना के तीन कर्मचारियों को सस्पेंड करने के साथ पुलिस लाइन अटैच कर दिया गया था। मृतक के परिजनों ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के नजदीक पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मामले में सवाल उठाए। शाम का समय होने के कारण शव लेने से इनकार कर दिया था। अगले दिन उसे ले जाने की बात हुई। इससे पहले कई प्रकार के आरोप प्रत्यारोप मामले में हुए। 12 बिंदु का एक मेमोरेंडम पुलिस को दिया गया। पुलिस ने व्यावहारिक तौर पर इसे जांच में शामिल करने की बात कही थी। माना जा रहा था कि यह सब होने पर अगले दिन रविवार को मामला शांत हो जाएगा। लेकिन रविवार की सुबह भी परिजनों ने सूरज का शव लेने से इंकार कर दिया जिसके बाद मान मनौव्वल का दौर शुरू हुआ। पुलिस के कई अधिकारी सूरज के बुधवारी स्थित घर पहुंचे और बातचीत कर शव को लेने के लिए परिजनों को मनाते रहे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा, टीआई किरण गुप्ता कोरबा तहसीलदार अमित केरकेट्टा सूरज के घर पहुंचे और परिजनों को मानते रहे देर शाम तक शव नहीं ले गए।



### मर्च्युरी में दो दर्जन जवान हैं तैनात

परिजनों द्वारा सूरज का शव लेने से इनकार किये जाने के बाद जिला अस्पताल स्थित मर्च्युरी में पुलिस की के दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों की निगरानी में सूरज का शव रखा गया है।

### सीसीटीवी फुटेज और पीएम रिपोर्ट की कर रहे हैं मांग

परिजन लगातार दर्री थाना, सिविल लाइन थाना तथा जिला अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं उन्होंने सूरज की पीएम रिपोर्ट भी कराने की मांग अफसरों से की हैं।

# जेल में इतनी भीड़ है कि दंगे-झगड़े काबू करना है नामुमकिन

**न्यूयार्क।** अमेरिका उन देशों में से एक है जहां पर जेलें पूरी भरी रहती हैं और प्रशासन को नई जेलें बनाने की योजनाओं पर काम करना पड़ रहा है। कैलिफोर्निया प्रांत में जेलें कम नहीं है, लेकिन अधिकांश में कैदियों की संख्या कहीं ज्यादा है। कोलोराडो रेगिस्तान में मैक्सिको की सीमा ठीक उत्तर में आयरवुड स्टेट जेल इसी वजह से दुनिया की अनोखी जेल के तौर पर मशहूर है। यहां इस हद तक भीड़भाड़ वाली है कि कैदियों को हर समय हथियारबंद और 'युद्ध के लिए तैयार' रहना पड़ता है। 1994 में शुरू हुई इस जेल की ऊंची कंक्रीट की दीवारों ने सभी तरह के घातक कैदियों को अंदर-बाहर आते-जाते देखा है। आलम ये है कि कई सालों से अत्यधिक भीड़भाड़ के कारण यहां कैदियों के बीच विस्फोटक हिंसक स्थिति पैदा हो गई है। जेल 2,200 पुरुषों के लिए बनाई गई है, लेकिन अक्सर आयरनवुड में इसकी क्षमता से दोगुने से अधिक कैदी रहते हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार, जेल अपनी मात्रा सीमा से 118% अधिक चल रही है। कोलोराडो रेगिस्तान की भीषण गर्मी के साथ-साथ दमघोंटू भीड़भाड़ वाले हालात परेशानी का सबब बन जाते हैं। आयरनवुड अपने अराजक जेल दंगों के लिए जाना जाता है जो खतरनाक रूप से हाई लेवल के होते हैं।






# रहस्यमयी गांव, जहां रात में आता है पक्षियों का झुंड और कर लेता है आत्महत्या

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की आत्मा गांव में बसती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने यह बात कही थी। शहर में कितने भी सुख सुविधाओं के संसाधन हो, लेकिन किसी भी इंसानों को गांव में जाने पर ही सुकून मिलता है। गांव के पेड़ों की ठंडी छांव में जो बात है, वो एसी में नहीं है। असम का एक ऐसा गावं है, जहां इसानों को भले ही सुकून मिलता हो, लेकिन यहां आकर पक्षी आत्महत्या कर लेते हैं। आज तक इस रहस्य का पता नहीं लग पाया है कि आखिर इस गांव में क्यों पक्षी आकर मौत को गले लगा लेते हैं?




यह गांव असम के बरेल पर्वत श्रेणी में मौजूद है। भारत के किसी दूसरे गांव की तरह ही यह गांव भी है। हालांकि, इस गांव में सदियों से एक रहस्य छिपा हुआ है। यह पक्षियों की मौत का रहस्य है।

### 'द वाइल्डलाइफ ऑफ इंडिया' में इस घटना का उल्लेख

इस गांव में न सिर्फ स्थानीय पक्षी, बल्कि प्रवासी पक्षी भी पहुंच जाते हैं, तो वे आत्महत्या कर लेते हैं। इसकी वजह से जतिंगा गांव को काफी रहस्यमयी माना जाता है। इस रहस्य को जानने के लिए वैज्ञानिकों ने काफी जांच-पड़ताल की, लेकिन आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल पाया। लंबे समय से घट रही इस घटना के बारे में साल 1957 में दुनिया को पता चला। उस समय पक्षी विज्ञानी ई. पी. गे किसी काम के सिलसिल में जतिंगा आए थे। इस दौरान उन्होंने खुद इस रहस्यमयी घटना को देखा। पक्षी विज्ञानी ने अपनी किताब 'द वाइल्डलाइफ ऑफ इंडिया' में इस घटना का उल्लेख किया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com